

CIN-NO-UT4999RJ2020PTC0679.
UN NO-200022186

# मरुधर विशेष

Title Code-RAJHIN27921

Marudharvishesh@gmail.com

वर्षः 1 अंकः 51 | हिन्दी | प्रातः कालीन | जयपुर, बुधवार, 28 सितम्बर, 2022 | पृष्ठ :6 | मूल्यः 2 रुपए



छोटी-बड़ी खबरे...



## जयपुर नगर निगम ग्रेटर मेयर सौम्या गुर्जर बर्खास्त

### 6 साल तक नहीं लड़ सकेंगी चुनाव; जांच रिपोर्ट के बाद सरकार का एक्शन

**जयपुर।** राजस्थान में सरकार में चल रहे सियासी भूचाल के बीच गहलोत सरकार ने भाजपा मेयर सौम्या गुर्जर को पद से बर्खास्त कर दिया है। न्यायिक जांच की रिपोर्ट आने के बाद सरकार ने आज इस संबंध में आदेश जारी कर दिए हैं। 23 सितम्बर को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई होने के बाद सरकार को कोर्ट ने 2 दिन तक कार्रवाई नहीं करने का समय दिया था। कल छुट्टी के दिन सुप्रीम कोर्ट का दिया समय पूरा हो गया था, जिसके बाद स्वायत्त शासन विभाग ने पद से बर्खास्त करने का प्रस्ताव तैयार करके नगरीय विकास मंत्री शांति धारीवाल के पास भिजवाया था। मंत्री धारीवाल ने हस्ताक्षर करके प्रस्ताव को मंजूरी दी। मंत्री से मिली मंजूरी के बाद स्वायत्त शासन विभाग ने आज आदेश जारी करते हुए मेयर को पद से बर्खास्त करते हुए उन्हें अगले 6 साल तक चुनाव लड़ने के लिए भी अयोग्य घोषित कर दिया है।

### हाईकोर्ट जाने का विकल्प

इधर जयपुर मेयर सौम्या गुर्जर के पास अब केवल हाईकोर्ट जाने का विकल्प बचा है। विधि विशेषज्ञ अशोक सिंह की माने तो सुप्रीम कोर्ट ने जो आदेश जारी किए है उसके तहत मेयर सौम्या गुर्जर न्यायिक जांच की रिपोर्ट को हाईकोर्ट में चैलेंज कर सकती है। उनके पास अब यही एक विकल्प है।

**पीएफआई की उल्टी गिनती शुरूः सरकार संसद सत्र से पहले संगठन पर बैन लगा सकती है, जल्द ही एक छापा और होगा**

# 8 राज्यों में इस्लामिक संगठन के 170 कार्यकर्ता अरेस्ट, गैजेट्स-दस्तावेज जब्त

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी और ईडी ने मंगलवार को पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) के कई ठिकानों पर छापेमारी की। देश के 8 राज्यों से 170 पीएफआई कार्यकर्ताओं को अरेस्ट किया गया है। दिल्ली के शाहीन बाग में एनआईए ने रेड करके पीएफआई से जुड़े 30 लोगों को हिरासत में लिया है। शाहीन बाग में इस एक्शन के बाद केंद्रीय पुलिस फोर्स को तैनात कर दिया गया है। टीम ने मोबाइल फोन और अन्य डिवाइस समेत कई दस्तावेज भी अपने कब्जे में लिए हैं। वहीं, जामिया नगर में धारा 144 लागू कर दी गई है। यहां दो महीने तक चार या उससे ज्यादा लोगों को इकट्ठा होने की अनुमति नहीं है। जामिया यूनिवर्सिटी ने सर्कुलर जारी करके छात्रों से गैदरिंग न करने को कहा है।

पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया यानी पीएफआई की उल्टी गिनती शुरू हो गई है। जांच एजेंसियां तो उसके खिलाफ ऑपरेशन ऑक्टोपस चला ही रही हैं, सरकार ने भी संगठन पर प्रतिबंध लगाने की तैयारी कर ली है। यह फैसला पार्लियामेंट के विंटर सेशन तक लिया जा सकता है। संसद सत्र नवंबर या दिसंबर में शुरू होगा। पीएफआई पर टेरर फंडिंग से देश के कई शहरों में दंगे फैलाने और हत्याओं का आरोप है। केंद्र सरकार इसे प्रतिबंधित करने से पहले संगठन के बड़े पदाधिकारियों पर शिकंजा कसना चाह रही है। वह उनके फाइनेंशियल सोर्स ब्लॉक करना चाहती है। यही वजह है कि NIA के साथ ईडी भी इस रेड में शामिल है। केंद्रीय जांच एजेंसी से जुड़े सूत्र ने बताया कि सिर्फ देश ही नहीं, मिडिल ईस्ट देशों में भी सुरक्षा एजेंसी एक्टिव हैं। आने वाले वक्त में ऑपरेशन ऑक्टोपस के तहत विदेशों से भी गिरफ्तारियां हो सकती हैं। जानकारी के मुताबिक, सभी जांच एजेंसियां कई महीने से एक्शन प्लान पर तैयारी कर रही थीं।




### पीएफआई ने कहा- हमें निशाना बनाया जा रहा

अपने खिलाफ एक्शन के बाद पीएफआई ने सोशल मीडिया पर पक्ष रखा। उसने कहा कि प्रिवेंटिव कस्टडी के नाम पर बीजेपी शासित राज्यों में बड़े पैमाने पर गिरफ्तारियां हो रही हैं। यह और कुछ नहीं, बल्कि पीएफआई को निशाना बनाने की केंद्र सरकार की कोशिश है। इस तरीके से लोकतांत्रिक विरोध के अधिकार को रोका जा रहा है।

**गहलोत से मिलने पहुंचे 20 विधायक-मंत्री**

# सोनिया गांधी ने अनुशासन कमेटी के अध्यक्ष एंटोनी को बुलाया; पायलट भी दिल्ली पहुंचे

**जयपुर।**

राजस्थान कांग्रेस में सीएम कुर्सी को लेकर दो दिनों से मचे घमासान के बीच मंगलवार दोपहर करीब 20 विधायक मुख्यमंत्री अशोक गहलोत से मुलाकात करने के लिए सीएम हाउस पहुंचे हैं। इस मुलाकात को सियासी संकट से जोड़कर देखा जा रहा है। सीएम से मिलने वालों में कुछ मंत्री भी शामिल हैं। वहीं कांग्रेस के ऑब्जर्वर्स ने सोनिया गांधी को भेजी रिपोर्ट में मंत्री शांति धारीवाल और प्रताप सिंह खाचरियावास पर कार्रवाई की सिफारिश की है। कांग्रेस अनुशासन कमेटी के अध्यक्ष एके एंटोनी को दिल्ली बुलाया गया है। एंटोनी आज रात 10 बजे तक दिल्ली पहुंच रहे हैं। एंटोनी आज देर रात या कल सोनिया गांधी से मुलाकात करेंगे। राजस्थान के घटनाक्रम को देखते हुए एंटोनी को बुलाना काफी अहम माना जा रहा है। एंटोनी को अजय माकन की रिपोर्ट पर एक्शन लेने के लिए कहा जा सकता है। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत से मंगलवार शाम को करीब 20 विधायक मुलाकात करने सीएम हाउस पहुंचे हैं। मंत्री राजेंद्र यादव,सुखराम विश्नोई, भंवर सिंह भाटी, सालेह मोहम्मद ने भी शामिल थे। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत से मंगलवार शाम को करीब 20 विधायक मुलाकात करने सीएम हाउस पहुंचे हैं। मंत्री राजेंद्र यादव,सुखराम विश्नोई, भंवर सिंह भाटी, सालेह मोहम्मद ने भी शामिल थे। **पायलट दिल्ली पहुंचे-** सचिन पायलट दिल्ली पहुंच गए हैं। वे पार्टी आलाकमान से मुलाकात कर सकते हैं। समाचार एजेंसी एएनआई ने दावा किया कि पायलट ने सोनिया गांधी से बात की है और कहा है कि गहलोत कांग्रेस अध्यक्ष का चुनाव लड़ते हैं तो वह राजस्थान सीएम का पद छोड़ें, लेकिन खुद सचिन पायलट ने ट्वीट कर इसे गलत खबर बताया। पायलट ने पूरे मामले पर मौन साध रखा है, वे मीडिया के सामने किसी तरह की प्रतिक्रिया नहीं दे रहे हैं।



### मुख्य सचेतक महेश जोशी बोले- नोटिस का जवाब देने को तैयार

कांग्रेस के मुख्य सचेतक और बगावत के मुख्य किरदारों में से एक माने जा रहे महेश जोशी ने कहा- यदि आलाकमान नोटिस देता है तो मैं जवाब देने को तैयार हूं। कोई सजा देगा तो वह भी भुगत लूंगा। किसी विधायक को जबरन यूडीएच मंत्री शांति धारीवाल के घर नहीं बुलाया गया था। आलाकमान की इच्छा के आगे सब नतमस्तक हैं। पवन बंसल ने आज दिल्ली में अध्यक्ष पद के लिए नामांकन फॉर्म लिया। मधुसूदन मिस्त्री ने कहा कि पवन बंसल और शशि थरूर नामांकन फॉर्म ले चुके हैं। गहलोत को लेकर कोई अपडेट नहीं हैं। इस बारे में वह कुछ नहीं कह सकते हैं। इससे पहले, मिस्त्री ने सोनिया गांधी से मुलाकात की और अध्यक्ष चुनाव को लेकर चर्चा की। राजस्थान के घटनाक्रम के बाद गहलोत के नाम को लेकर संशय बन गया है। राजस्थान के सियासी संकट को हाईकमान ने गंभीरता से लिया है।

**EWS को नौकरियों में 10% आरक्षण मामला**

## सुप्रीम कोर्ट ने 7 दिन सुनवाई के बाद सुरक्षित रखा फैसला

**नई दिल्ली.** आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग ईडब्ल्यूएस को नौकरियों और उच्च शिक्षण संस्थानों में 10 प्रतिशत आरक्षण देने के फैसले को चुनौती देने के मामले में सुप्रीम कोर्ट की संविधान पीठ ने फैसला सुरक्षित रख लिया है. सुप्रीम कोर्ट की संविधान पीठ ने 7 दिन तक सुनवाई करने के बाद फैसला सुरक्षित रखा. केंद्र सरकार की ओर से पक्ष रखते हुए सालिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि आर्थिक आधार पर आरक्षण संविधान के मूल ढांचे का उल्लंघन नहीं करता, बल्कि उसे मजबूती प्रदान करता है. संविधान की प्रस्तावना में भी आर्थिक न्याय की बात कही गई है. सभी पक्षों को सुनने के बाद कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया है. प्रधान न्यायाधीश यू यू ललित की अध्यक्षता वाली पांच सदस्यीय संविधान पीठ ने अटॉर्नी जनरल केके वेणुगोपाल और सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता सहित अन्य वरिष्ठ वकीलों की दलील सुनने के बाद इस कानूनी प्रश्न पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया कि ईडब्ल्यूएस कोटा ने संविधान के मूल ढांचे का उल्लंघन किया है या नहीं. शीर्ष अदालत में इस संबंध में साढ़े छह दिन तक सुनवाई हुई. गौरतलब है कि सरकारी और निजी शैक्षणिक संस्थानों में प्रवेश और केंद्र सरकार की नौकरियों में भर्ती के लिए आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग यानी ईडब्ल्यूएस को दिए गए 10 प्रतिशत आरक्षण को चुनौती देने के मामले में सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई चल रही है. पिछली सुनवाई पर याचिकाकर्ताओं ने सुप्रीम कोर्ट में पक्ष रखते हुए कहा था कि यह संशोधन समानता के अधिकार को नुकसान पहुंचाता है जो कि संविधान की आत्मा है.



**अंकिता के मर्डर के बहाने भाजपा पर तंज**

# केरल में राहुल गांधी बोले- अंकिता इसलिए मारी गई क्योंकि उसने प्रॉस्टिट्यूट बनने से इंकार किया था

**नईदिल्ली**

राहुल गांधी ने केरल में रैली के दौरान अंकिता मर्डर केस पर कहा कि उसकी मौत केवल इसलिए हुई क्योंकि उसने प्रॉस्टिट्यूट बनने से इंकार कर दिया था। राहुल ने उत्तराखंड की धामी सरकार पर भी सबूत मिटाने के आरोप लगाए, क्योंकि वहां आरोपी पुलकित आर्य के वनंतरा रिजॉर्ट को अंकिता की लाश मिलने के बाद तोड़ दिया गया था। राहुल ने अंकिता की मौत और भारत में महिलाओं की हालत पर कहा- भारत की महिलाएं हमारी सबसे बड़ी ताकत हैं। लेकिन भाजपा उनके साथ वस्तु जैसा व्यवहार कर रही है। इसका सबसे घटिया उदाहरण उत्तराखंड में अंकिता की हत्या है। भाजपा के सीएम ने आरोपियों को बचाने के लिए सभी सबूतों पर बुलडोजर चलवा दिया। हम बीजेपी को महिलाओं के साथ दोयम दर्जे के नागरिक के रूप में व्यवहार नहीं करने देंगे। बीजेपी विभाजन की रणनीति की आलोचना करते हुए राहुल ने कहा कि देश में ऐसे लोग हैं जो सोचते हैं कि नफरत और हिंसा फैलाने से समस्याएं हल हो जाएंगी। राहुल गांधी ने कहा कि देश में कुछ लोग ऐसे हैं जो ये मानते हैं कि भारत की सभी समस्याओं का जवाब देश में नफरत, हिंसा और गुस्सा फैलाना है। वे इस देश को विभाजित और कमजोर करने में यकीन करते हैं। रैली के बाद राहुल गांधी ने सोशल मीडिया पर भी भाजपा और पीएम मोदी पर निशाना साधा। राहुल ने ट्वीट किया- प्रधानमंत्री का नारा-बेटी बचाओ, भाजपा का कर्म - बलात्कारी बचाओ। वह भारत के पहले प्रधानमंत्री हैं जिनकी विरासत केवल भाषण, झूठे और खोखले भाषण होंगे। उनका शासन अपराधियों को समर्पित है। अब भारत चुप नहीं बैठेगा।



# गहलोत बोलेः टेंशन मत लो, मैं हूं ना, सब ठीक होगा।

**जयपुर** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत मंगलवार को अपने निवास पर रहे। वहां आने कुछ मंत्रियों एवं विधायकों से चर्चा कर उन्हें अपने निर्वाचन क्षेत्र में रहने एवं कामकाज सम्भालने का आग्रह किया। उन्होंने कहा ....टेंशन मत लो सब ठीक होगा। गहलोत करीब एक घन्टे तक इन मंत्रियों एवं विधायकों के साथ चर्चा की एवं चाय पी। उधर दिल्ली में सूत्रों के अनुसार कांग्रेस पर्यवेक्षकों ने अपनी रिपोर्ट सोनिया गांधी को सौंप दी है। रिपोर्ट में सियासी घटनाक्रम के लिए अशोक गहलोत को जिम्मेदार नहीं ठहराते हुए क्लीन चिट दी गई है। वहीं अलग से दूसरी बैठक बुलाने वाले प्रमुख तीन नेताओं के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की सिफारिश की है। इनमें मंत्री शांति धारीवाल, डॉ महेश जोशी, कांग्रेस नेता धर्मेंद्र राठौड़ के खिलाफ कार्रवाई की अनुशंसा हुई है। मुख्यमत्री विधायकों एवं मंत्रियों के साथ बातचीत में प्रफुल्लित नजर आए। इस दौरान उनके साथ मंत्री सालेह मोहम्मद, अशोक चांदना, राजेन्द्र यादव, भंवर सिंह भाटी, विधायक मेवाराम जैन, जगदीश जांगिड़, हाकम अली, रफीक खान, प्रीति शक्तावत और मीना कंवर वगैरह थे। उधर, पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट दोपहर बार हवाई जहाज से दिल्ली के लिए रवाना हो गए। पत्रिका से बातचीत में उन्होंने कहा कि फिलहाल दिल्ली में उनका किसी से मिलने का कार्यक्रम नहीं है।



# राजस्थान में लंपी वायरस से 25 हिरणों की मौत

**बाड़मेर**

राजस्थान में गौवंश के लिए काल बनकर आया लंपी वायरस अब हिरणों में फैल रहा है। पिछले डेढ़ महीने में इस बीमारी से 35 हिरण संक्रमित हुए, जिसमें से 25 की मौत हो चुकी है। इस खबर के बाद से पशुपालन विभाग में खलबली मच गई है। आनन-फानन में मौके पर टीम भेजी गई है। सैंपल लिए जा रहे हैं। आइए... बताते हैं कि लंपी हिरणों में फैलने का दावा किसने किया और किस आधार पर किया है?

### 7-8 हिरण अब भी संक्रमित

अमृता देवी वन्य जीव संरक्षण संस्थान के संचालक किशोर भादू कहते हैं- हिरणों के अलावा रेस्क्यू सेंटर में कबूतर, नीलगाय, खरगोश, मोर भी हैं। पिछले डेढ़ महीने से हिरणों में लंपी स्किन के लक्षण दिख रहे हैं। हमारे रेस्क्यू सेंटर में 135 हिरण थे, जिसमें 35 हिरणों में इस बीमारी के लक्षण पाए गए थे। एक माह में 25 हिरणों की मौत हो चुकी है। अब भी 7-8 हिरण अभी भी लंपी से संक्रमित हैं। संस्थान के संचालक किशोर भादू की मानें तो हिरणों में लंपी के लक्षण दिखने के बाद भी सरकारी मदद नहीं मिल रही है। वर्तमान में 110 के आसपास हिरण बचे हैं। रेस्क्यू सेंटर में संस्थान अपने स्तर पर ही संक्रमित हिरणों का इलाज करवा रहा है। संस्था से जुड़े प्राइवेट डॉक्टर राजेंद्र खिलेरी कहते हैं- 10 महीने से रेस्क्यू सेंटर जा रहा हूं। डेढ़ माह से हिरण में लंपी स्किन डिजीज जैसे लक्षण दिख रहे हैं। पैरों में सूजन के बाद कीड़े पड़ना, आंखों व शरीर पर गांठें बन रही हैं, इसके बाद ये फूट रही हैं। इसमें मवाद (पस) बन रहा है। नाक से पानी बहना सहित कई लक्षण और हैं, जो लंपी से मिलते-जुलते हैं।



### ढाई साल से चल रहा है रेस्क्यू सेंटर

अमृता देवी वन्य जीव संरक्षण संस्था 2019 में बनी है। करीब ढाई साल हो गए। संस्था के अध्यक्ष जगदीश भादू और संचालक किशोर भादू हैं। करीब 15 युवाओं की टीम है। यह संस्था विभिन्न हादसों में घायल वन्य जीवों को बचाकर उनका इलाज करवाती है। साथ ही, ठीक होने तक इसी रेस्क्यू सेंटर में रखा जाता है।

## रिश्वत मांगने के आरोप में रेलवे का चीफ इंजीनियर गिरफ्तार, सर्च ऑपरेशन में मिले 23 लाख नकद

**नई दिल्ली**

मामले में छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस पर तैनात इंडियन रेलवे सर्विस ऑफ मैकेनिकल इंजीनियरिंग के 1985 बैच के अधिकारी अशोक कुमार गुप्ता को उनके चालक द्वारा उनकी ओर से रिश्वत लेते हुए पकड़े जाने के बाद गिरफ्तार किया गया। केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने मध्य रेलवे के एक प्रमुख मुख्य यांत्रिक अभियंता (प्रिंसिपल चीफ मैकेनिकल इंजीनियर) और दो अन्य को गिरफ्तार किया है। उन पर कथित तौर पर 1 लाख रुपये की रिश्वत लेने का आरोप है। तलाशी के दौरान 23 लाख रुपये नकद बरामद भी किए गए हैं। बताया जा रहा है तलाशी अभियान के दौरान 23 लाख रुपये नकद, 40 लाख के जेवरात के साथ-साथ नोएडा, हरिद्वार, देहरादून और दिल्ली में करोड़ों की संपत्ति सामने आई है।

इसके अलावा उसके एनआरआइ खाते में दो लाख डॉलर के दस्तावेज भी मिले हैं।

## सार समाचार

### हिंदू पत्नी ने बुर्का पहनने से किया इनकार, इकबाल मोहम्मद ने गला रेत कर की हत्या

मुंबई।महाराष्ट्र के मुंबई में पति ने 23 साल की पत्नी को दिनदहाड़े चाकू से गला रेतकर मौत के घाट उतार दिया। मुंबई निवासी इकबाल मोहम्मद शेख ने बुर्का पहनने से इनकार करने और इस्लामी प्रथाओं का पालन करने से इनकार करने के लिए तिलक नगर इलाके में अपनी हिंदू पत्नी की कथित तौर पर हत्या कर दी। जिसके बाद उसे गिरफ्तार किया गया था। पीड़ित परिवार द्वारा दी गई जानकारी के आधार पर घटना के तुरंत बाद शेख को हिरासत में ले लिया गया। पीड़िता रूपाली और आरोपी इकबाल मोहम्मद शेख की शादी को तीन साल हो चुके थे। अपनी शादी के बाद से रूपाली को शेख के परिवार से इस्लामी परंपरा का पालन करने और बुर्का पहनने के लिए लगातार दबाव का सामना करना पड़ा। लेकिन रूपाली इसके लिए राजी नहीं होती थी। इसी बात पर दोनों के बीच अक्सर लड़ाई होती थी। आखिरकार, 22 वर्षीय ने इस्लामी प्रथाओं को लेकर घरेलू झगड़े के कारण अलग रहने का फैसला किया। कहा जाता है कि हत्या सोमवार, 26 सितंबर की शाम को हुई थी, जब शेख अपनी पत्नी से मिला था। रूपाली ने इकबाल शेख से मुलाकात की और तलाक की मांग की लेकिन वह स्वीकार करने को तैयार नहीं था क्योंकि उनके साथ एक बच्चा है। इसके बाद उस व्यक्ति ने अपने बेटे की कस्टडी मांगी, जिसका महिला ने विरोध किया। जब उसने मांगें नहीं मानीं तो इकबाल शेख ने चाकू से उसका गला काट दिया और मौके से फरार हो गया।

### अंकिता की पीएम रिपोर्ट में खुलासा, मौत की बताई गई ये वजह

देहरादून । उत्तराखंड की बेटी अंकिता भंडारी की संदिग्ध मौत मामले में एसआईटी ने अपनी सक्रियता बढ़ा दी है। एसआईटी की टीम अब रिसार्ट के स्टाफ के बयान दर्ज कर रही है। अंकिता की पोस्टमार्टम रिपोर्ट आ गई है। जिसमें उसकी मौत का कारण दम घुटना और पानी में डूबने से हुई बताई गई है। वहीं अंकिता के स्वजन पोस्टमार्टम के बाद से ही उसकी रिपोर्ट सार्वजनिक करने की मांग कर रहे थे। सोमवार देर शाम उन्हें भी यह रिपोर्ट उपलब्ध करा दी गई। इस बीच मामले की जांच कर रही एसआईटी ने रिसार्ट पहुंचकर वहां के स्टाफ के बयान दर्ज किए। घटनास्थल का मुआयना कर साक्ष्य एकत्र किए। अब आरोपियों को रिमांड पर लेने की तैयारी की जा रही है। हत्याकांड के मुख्य आरोपी पुलकित आर्या सहित गिरफ्तार तीनों आरोपियों को एसआईटी रिमांड पर लेने की तैयारी कर रही है। इसके लिए मंगलवार को अदालत में अर्जी दाखिल की जा सकती है। वहीं एम्स के चार डाक्टरों के पैनल ने अंकिता का पोस्टमार्टम किया था। अंकिता के शव का पोस्टमार्टम एम्स ऋषिकेश के चार डाक्टरों के पैनल ने किया है। सोमवार शाम को विस्तृत पोस्टमार्टम रिपोर्ट एसआईटी को मिल गई। पुलिस महानिदेशक अशोक कुमार ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण दम घुटना और डूबना बताया गया है। उन्होंने बताया कि रिपोर्ट मृतका के स्वजन के साथ भी साझा कर दी गई है।

### कश्मीर में 'बेवजह' ट्रक रोके जाने से नाराज फल विक्रेताओं ने किया जोरदार प्रदर्शन

श्रीनगर। जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर सेब से लदे ट्रकों को रोके जाने का मामला तूल पकड़ता जा रहा है क्योंकि इसके विरोध में कश्मीर घाटी के फल विक्रेताओं ने दो दिन के लिए फल मंडियों को बंद रखने का ऐलान कर दिया। साथ ही फल विक्रेताओं ने सेबों को आग के हवाले करते हुए श्रीनगर में बड़ा प्रदर्शन भी किया। प्रदर्शनकारियों ने प्रेस एंक्लेव में नारेबाजी करते हुए कहा कि उपराज्यपाल को हमारी समस्याओं पर ध्यान देना चाहिए और राष्ट्रीय राजमार्ग पर वाहनों का संचालन बनाये रखने के उपाय करने चाहिए। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि फलों से लदे ट्रकों को पांच-पांच छह दिन बिना कारण बताये रोक दिया जाता है जिससे फल खराब हो जाते हैं और लाखों रुपए का नुकसान हो जाता है। प्रभासाक्षी के साथ खास बातचीत में फल विक्रेताओं ने कहा कि उपराज्यपाल चाहें तो एक दिन में सारी समस्या का हल हो सकता है इसलिए हमने यहां आकर अपनी बात रखने का फैसला किया। हम आपको बता दें कि कश्मीर वेली फ्रूट्स ग्रोवर्स एण्ड डीलर यूनियन का यह भी कहना है कि त्योहारी सीजन में हजारों गाड़ियां रास्ते में रोके जाने से बड़ा नुकसान हो रहा है। यूनियन का कहना है कि पहले ही सेब सस्ते दामों पर बिक रहा है ऐसे में यदि फसल रास्ते में ही खराब हो गयी तो और नुकसान उठाना पड़ेगा। यूनियन ने कहा है कि यह सिर्फ कश्मीर का ही नहीं बल्कि देश का भी मसला है। यूनियन का कहना है कि हमने कई बार इस समस्या की ओर प्रशासन का ध्यान दिलाया लेकिन कोई मदद नहीं की गयी। वहीं ट्रक चालकों की भी शिकायत है कि कई-कई दिन तक ट्रक खड़े रहने के कारण हमें हमारी मजूदरी मिलने में दिक्कत आ रही है।

### झारखंड- 55 वर्षीय महिला को डायन बता भतीजे ने धारदार हथियार से की हत्या, गिरफ्तार

रांची । झारखंड से एक दिल दहला देने वाली वारदात सामने आ रही है यहां मंगलवार को रांची जिले के तमाड़ क्षेत्र अंतर्गत बारेडीह गांव में एक 55 वर्षीय महिला को डायन करार देकर उसके अपने ही भतीजे ने धारदार हथियार से काट डाला। आरोपी जय स्वांसी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इसके पहले बीते चार सितंबर को रांची जिले के ही सोनाहातू में ग्रामीणों ने तीन महिलाओं को डायन बताते हुए पीट-पीटकर मार डाला था। 24 सितंबर को दुमका जिले में तीन महिलाओं सहित चार लोगों को इसी तरह के संदेह में बुरी तरह पीटा गया था और उन्हें मल-मूत्र पीने को मजबूर किया गया था। मंगलवार को तमाड़ थाना क्षेत्र अंतर्गत बारेडीह गांव में हुई वारदात के बारे में बताया गया कि पूरन स्वांसी की 55 वषीर्या पत्नी सरला देवी सुबह अपने खेत में गोबर फेंकने के लिए गई थी, तो वहां घात लगाये बैठे उसके भतीजे जयदेव स्वांसी ने धारदार हथियार से उसपर हमला कर दिया। मौके पर ही महिला ने दम तोड़ दिया। महिला के पति पूरन स्वांसी उसे बचाने के लिए आगे आये तो भतीजे ने उनपर भी हमला किया। उन्होंने खुद को बचाते हुए शोर मचाया। वारदात की जानकारी मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी भतीजे को गिरफ्तार कर लिया है। हालांकि पुलिस का कहना है कि हत्या की वजह डायन अंधविश्वास के बजाय आपसी विवाद हो सकता है। बुंडू डीएसपी अजय कुमार ने बताया कि पुलिस की जांच में यह बात भी सामने आई है कि दोनों परिवारों के बीच अक्सर लड़ाई झगड़ा हुआ करता था। इधर दुमका में बीते शनिवार को तीन महिलाओं सहित चार लोगों को मल-मूत्र पिलाने के मामले में सभी छह आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

### बारिश के बाद दिल्ली में डेंगू का कहर, चार दिनों में सामने आए 129 नए मामले, कुल संख्या 500 के पार

नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में डेंगू के मामलों में अचानक बढ़ोतरी हुई हैं। सोमवार को डेंगू के 22 नए मामले सामने आए हैं। पिछले कुछ दिनों में दिल्ली में डेंगू के लगभग 130 नये मामले सामने आने के साथ ही इस साल अब तक इससे पीड़ित लोगों की संख्या 500 से अधिक हो गई है। एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। राजधानी में पिछले कुछ दिनों से लगातार हो रही बारिश के चलते मच्छर जनित बीमारियों के मामलों में तेजी देखने को मिली है। दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) की ओर से सोमवार को जारी रिपोर्ट के मुताबिक, केवल इसी महीने 21 सितंबर तक डेंगू के 281 मामले सामने आए हैं। वहीं, दिल्ली में 17 सितंबर तक डेंगू के 396 मामले दर्ज किए गए थे। पिछले कुछ दिनों में 129 नये मामले सामने आए हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, इस साल 21 सितंबर तक दर्ज किए गए कुल 525 मामलों में से 75 अगस्त महीने में दर्ज किए गए थे। रिपोर्ट के अनुसार, यह 2017 के बाद से एक जनवरी से 21 सितंबर की अवधि के दौरान दर्ज किए गए डेंगू के मामलों की सर्वाधिक संख्या है। साल 2017 में यह आंकड़ा 1,807 था। हालांकि, इस साल मच्छर जनित बीमारी के कारण अब तक किसी मरीज की मौत की खबर नहीं है। रिपोर्ट में कहा गया है कि दिल्ली में इस साल 21 सितंबर तक मलेरिया के 106 और चिकनगुनिया के 20 मामले भी सामने आए हैं। नगर निगम ने बाद में एक बयान में कहा कि डेंगू के प्रसार को रोकने के लिए एक अभियान चलाया गया है।



# 'उद्योगपतियों का क़र्ज़ किया जा रहा माफ़', राहुल गांधी के आरोप पर अनुराग ठाकुर का पलटवार

**नई दिल्ली (एजेंसी)।**

इन दिनों कांग्रेस की ओर से भारत जोड़ो यात्रा निकाली जा रही है। इसका नेतृत्व राहुल गांधी कर रहे हैं। राहुल गांधी का दावा है कि भारत जोड़ो यात्रा के जरिए देश में फैले नफरत को खत्म करने में मदद मिलेगी। हालांकि, राजनीतिक विश्लेषक मान रहे हैं कि 2024 चुनाव को लेकर पार्टी अपनी जमीनी पकड़ को मजबूत करना चाहती है। वहीं, राहुल गांधी लगातार मोदी सरकार पर भी हमलावर हैं। सोमवार को राहुल गांधी ने ट्वीट के जरिए मोदी सरकार पर निशाना साधा था। राहुल गांधी ने आरोप लगाया था कि बड़े उद्योगपतियों का अरबों का कर्ज मोदी सरकार माफ कर रही है। इसी को लेकर अनुराग ठाकुर की ओर से पलटवार किया गया है।



**वार-पलटवार का दौर**

राहुल गांधी ने अपने ट्वीट में लिखा था कि आज बड़े उद्योगपतियों का अरबों का क़र्ज़ माफ़ किया जा रहा है। लेकिन, अगर एक किसान या छोटा व्यापारी, छोटा सा भी क़र्ज़ न लौटा पाए तो उसे 'Defaulter' बता कर जेल में डाल देते हैं। भारत जोड़ो यात्रा, हर अन्याय के खिलाफ़ है। राजा के ये 'दो हिंदुस्तान' भारत स्वीकार नहीं करेगा। वहीं, पलटवार करते हुए अनुराग ठाकुर ने कहा कि राहुल जी की यात्रा पीट रही है, समर्थन नहीं मिल रहा है और राजस्थान में दो गुट लड़ रहे हैं और वो कांग्रेस को संभाल नहीं पा रहे हैं और उनका(राहुल गांधी) ऐसा ट्वीट करना उनकी मानसिकता को दिखाता है कि वो क्या सोच रहे हैं।

महंगाई को लेकर भी राहुल लगातार मोदी सरकार पर निशाना साध रहे हैं। राहुल ने ट्वीट कर लिखा था कि महंगाई ! भारत जोड़ो यात्रा के दौरान मैं जहां भी जा रहा हूं, लोग इस मुद्दे से बहुत ज़्यादा परेशान हैं। प्रधानमंत्री जनता की तकलीफ़ को जानबूझ कर अनदेखा कर रहे हैं। भारत की हर दुःख भरी पुकार को हुंकार बनाएंगे, भारत जोड़ते जाएंगे। राहुल ने आरोप लगया कि मोदी सरकार 'दो हिंदुस्तान' बना रही है। एक हिंदुस्तान अमीरों के लिए और दूसरा गरीबों के लिए। भारत की जनता 'दो हिंदुस्तान' वाली विचारधारा को स्वीकार नहीं करेगी। इसलिए आज भारत जोड़ो यात्रा की जरूरत है।

# एकनाथ शिंदे गुट को सुप्रीम कोर्ट से राहत, चुनाव आयोग की कार्रवाई पर नहीं लगी रोक

**मुंबई। (एजेंसी)।**

एकनाथ शिंदे और उद्धव ठाकरे गुट के अलग होने के बाद शिवसेना पर किसका हक है इसको लेकर सुप्रीम कोर्ट में आज फैसला आया है। महाराष्ट्र को लेकर सुप्रीम कोर्ट का फैसला सामने आया है। चुनाव आयोग की कार्रवाई पर सुप्रीम कोर्ट से कोई रोक नहीं होगी। सुप्रीम कोर्ट के फैसले से एकनाथ शिंदे गुट को बड़ी राहत मिली है। असली शिवसेना को लेकर चुनाव आयोग को फैसला लेने की मंजूरी मिल गई है। महाराष्ट्र में सीएम एकनाथ शिंदे के खेमे के लिए एक बड़ी जीत के रूप में देखा जा रहा है।



सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को कहा कि चुनाव आयोग की कार्यवाही पर कोई रोक नहीं होगी, यह तय करने के लिए कि 'असली' शिवसेना की कमान एकनाथ शिंदे या उद्धव ठाकरे में से किसके पास है। भारत के मुख्य न्यायाधीश एनवी रमना, न्यायमूर्ति कृष्ण मुरारी और न्यायमूर्ति हिमा कोहली पीठ अयोग्यता कार्यवाही, अध्यक्ष के चुनाव, पार्टी व्हिप की मान्यता के संबंध में शिवसेना पार्टी के एकनाथ शिंदे और उद्धव ठाकरे गुटों से संबंधित याचिकाकर्ताओं द्वारा दायर याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए चुनाव आयोग को कोई आदेश नहीं लेने का निर्देश दिया था।

# लोकसभा चुनाव की तैयारियों में जुटी भाजपा, दिल्ली कार्यालय में जेपी नड्डा की बड़ी बैठक

**नई दिल्ली (एजेंसी)।**

2024 चुनाव को लेकर भाजपा अपनी तैयारियों में जुट चुकी है। दिल्ली में राष्ट्रीय कार्यालय में भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने एक बड़ी बैठक की है। जेपी नड्डा ने पहले राज्य के प्रभारियों के साथ बैठक की। उसके बाद लोकसभा प्रभास योजना की भी समीक्षा की। जेपी नड्डा की इस बैठक में संगठन महामंत्री बीएल संतोष भी मौजूद रहे। जेपी नड्डा के साथ प्रभारियों की बैठक के में मंगल पांडे, तरुण चुग अरुण सिंह, विनोद तावड़े, प्रकाश जावड़ेकर, संबित पात्रा जैसे कई नेता मौजूद रहे। माना जा रहा है कि जेपी नड्डा की ओर से इस तरह की बैठक लगातार की जाएगी। जेपी नड्डा ने वहां मौजूद नेताओं से बातचीत की और चुनाव की तैयारियों को लेकर समीक्षा भी की। जेपी नड्डा का इस बात पर जोर रहा कि चुनावों को ध्यान में रखते हुए संगठन को किस तरह से मजबूत किया जाए।



वर्तमान में देखे तो जेपी नड्डा का पूरा ध्यान दक्षिण की ओर भी दिखाई दे रहा है। दक्षिण में भाजपा उत्तर भारत की तुलना में थोड़ी कमजोर है। यही कारण है कि दक्षिण भारत पर पार्टी ने पूरा फोकस किया हुआ है। हाल में ही जेपी नड्डा ने तमिलनाडु और केरल का दौरा किया था। इसके बाद वे सीधे दिल्ली लौटे और आज उन्होंने बड़ी बैठक की। जेपी नड्डा का यह बैठक गुजरात और हिमाचल प्रदेश चुनाव को लेकर भी महत्वपूर्ण है। साथ ही साथ इस बैठक में राजस्थान के भीतर कांग्रेस में जो उठापटक हुई है, उस पर भी चर्चा हुई होगी। कुछ दिन पहले ही भाजपा की ओर से 2024 चुनाव को लेकर प्रभारियों की घोषणा की गई थी। मंगल पांडे को पश्चिम बंगाल, प्रकाश जावड़ेकर को केरल तो विजय रूपानी को पंजाब भेजा गया था। इसके अलावा बिहार में विनोद तावडे को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

2024 भाजपा के लिहाज से बेहद महत्वपूर्ण है। 2024 को लेकर विपक्ष ने अभी से ही मोर्चाबंदी शुरू कर दी है। यही कारण है कि भाजपा ने भी अपनी सक्रियता दिखानी शुरू कर दी है। भाजपा के वरिष्ठ नेता अमित शाह ने भी हाल में ही बिहार का दौरा किया था। अमित शाह ने वहां पार्टी के नेताओं को 2024 के चुनाव में 32 से ज्यादा सीटें जीतने का लक्ष्य दिया है। वहीं, अमित शाह अब चार अक्टूबर को जम्मू कश्मीर के दौरे पर भी जा रहे हैं। अमित शाह का यह दौरा भी काफी अहम माना जा रहा है। गुजरात और हिमाचल प्रदेश चुनाव के बाद भाजपा के लिए मध्यप्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में भी एक बड़ी चुनौती है। 2023 के आखिर में इन राज्यों में चुनाव होंगे। मध्य प्रदेश में भाजपा की सरकार है। वहीं, कांग्रेस राजस्थान और छत्तीसगढ़ में सत्ता में है।

# जम्मू कश्मीर में बढ़ा पर्यटन, अगस्त के अंत तक 127 लाख श्रद्धालुओं ने किए माता वैष्णव देवी के दर्शन

**जम्मू ।** जम्मू कश्मीर में धार्मिक पर्यटन में हाल के दिनों में वृद्धि दर्ज की गई है। इस बार माता वैष्णो देवी मंदिर पहुंचने वाले भक्तों का रिकॉर्ड टूट सकता है। आंकड़ों के अनुसार अगस्त के अंत तक करीब 127 लाख श्रद्धालु माता के दर्शन करने कटरा पहुंचे थे। दरअसल कश्मीर से धारा 370 हटने के बाद से केंद्र सरकार और उप-राज्यपाल ने पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए जो कदम उठाए हैं, अब उनके अब नतीजे सामने आने लगे हैं। हाल के दिनों में पर्यटन स्थल गुलजार हुए हैं, साथ ही धार्मिक पर्यटन को भी पंख लगे हैं।

रिकॉर्ड सैलानी और श्रद्धालु जम्मू कश्मीर पहुंचने से राज्य की अर्थव्यवस्था को ताकत मिली है। हालांकि कोरोना महामारी के दौरान करीब दो सालों तक पर्यटन ठप रहा और इससे जुड़े लोगों को भारी दिक्कत का सामना करना पड़ा था। पर्यटन स्थलों पर रौनक नहीं थी और धार्मिक स्थलों पर भी गिनती के श्रद्धालु पहुंचते थे। कोरोना के बाद पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए केंद्र सरकार ने कई कदम उठाए हैं। अब जिस तरह से जम्मू कश्मीर में तेजी से विकास हो रहा है और सुविधाएं मिल रही हैं। उसका सामाजिक जीवन पर असर दिखने लगा है। सेना और कश्मीर पुलिस के आपसी प्रयासों से सुरक्षा बहुत बढ़ी है। उपराज्यपाल प्रशासन ने पर्यटन को महत्व दिया है क्योंकि जम्मू-कश्मीर में मुख्य राजस्व पर्यटन पर ही निर्भर है। वहीं पर्यटकों के लिए कई प्रकार के प्रबंध किए गए हैं। नवरात्रि में ही कटरा में एक लाख से अधिक श्रद्धालु पहुंचे थे और पहले दिन सोमवार को ही करीब 45 हजार भक्तों ने माता के दर्शन किए थे। इससे पहले रविवार को 40 हजार के करीब श्रद्धालु पहुंचे थे।

# सुप्रीम कोर्ट ने पहली बार संविधान पीठ की कार्यवाही का सीधा प्रसारण किया शुरू

**नई दिल्ली (एजेंसी)।**

सुप्रीम कोर्ट ने अपनी तीन संविधान पीठों के समक्ष कार्यवाही का सीधा प्रसारण किया। लाइवस्ट्रीम सरकार के आधिकारिक प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध है। भारत के मुख्य न्यायाधीश यूयू ललित की अध्यक्षता में सुनवाई आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) कोटा मामले की सुनवाई की जानी है। यह मामला 103वें संविधान संशोधन को चुनौती देता है। लाइव स्ट्रीमिंग को लेकर सुप्रीम कोर्ट की ओर से गाइडलाइंस भी जारी की गई है।

26 अगस्त को भारत के पूर्व मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) एन वी रमना की सेवानिवृत्ति की तारीख पर औपचारिक पीठ के समक्ष कार्यवाही का सीधा प्रसारण किया गया था। गौरतलब है कि 27 सितंबर 2018 को तत्कालीन सीजेआई दीपक मिश्रा ने संवैधानिक महत्व के मामलों में महत्वपूर्ण कार्यवाही के लाइव टेलीकास्ट या वेबकास्ट पर ऐतिहासिक निर्णय दिया था। यह निर्णय इस संबंध में 2018 में एक फैसला सुनाए जाने के लगभग चार वर्ष बाद लिया गया। webcast. gov. in/scindia/ के माध्यम से कोर्ट की सुनवाई देखी जा सकती है। सुप्रीम कोर्ट यूट्यूब के माध्यम से की जा रही लाइव स्ट्रीम को बाद में अपने सर्वर पर होस्ट कर सकता है। लाइव स्ट्रीम को लोग बिना किसी परेशानी के अपने मोबाइल, फोन, लैपटॉप और कंप्यूटर पर देख सकते हैं। अधिकृत व्यक्ति/ इकाई के अलावा कोई भी व्यक्ति/ ईकाई (प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म सहित लाइव स्ट्रीम की गई कार्यवाही या अभिलेखीय डेटा को रिकॉर्ड, साझा और/या प्रसारित नहीं करेगा।

# भारत का 2025 तक रक्षा विनिर्माण क्षेत्र में 1.75 लाख करोड़ रुपये के कारोबार का लक्ष्य: राजनाथ सिंह

**नई दिल्ली (एजेंसी)।**

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को कहा कि भारत ने 2025 तक रक्षा विनिर्माण क्षेत्र में 1.75 लाख करोड़ रुपये के कारोबार का लक्ष्य रखा है और सैन्य उपकरणों के घरेलू उत्पादन को बढ़ावा देना सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार ने घरेलू रक्षा उद्योगों को समर्थन देने के प्रयासों के तहत घरेलू कंपनियों से सैन्य उपकरणों की खरीद के लिए इस साल के रक्षा बजट में लगभग 85,000 करोड़ रुपये की राशि अलग से रखी है।



सिंह ने कहा कि रक्षा मंत्रालय अलग-अलग समयसीमा के बाद 309 रक्षा वस्तुओं का आयात न करने से संबंधित तीन सूची पहले ही जारी कर चुका है। उन्होंने रक्षा उत्पादन के लिए रणनीतिक साझेदारी मॉडल पर भी प्रकाश डाला, जिसका उद्देश्य देश में लड़ाकू जेट, सैन्य हेलीकॉप्टर, टैंक और पनडुब्बियों के उत्पादन को प्रोत्साहित करना है। सोसाइटी ऑफ इंडियन डिफेंस मैन्युफैक्चरर्स (एसआईडीएम) की वार्षिक आम बैठक में उन्होंने कहा, हमें बस चलते रहना है, बिना थके चलते रहना है।

भारतीय अर्थव्यवस्था के बारे में बात करते हुए रक्षा मंत्री ने कहा कि देश को पिछले वित्त वर्ष में कुल 83.57 अरब डॉलर का प्रत्यक्ष विदेशी निवेश प्राप्त हुआ जो एक रिकॉर्ड है। उन्होंने कहा कि पूरी दुनिया भारत में निवेश करने को लेकर दिलचस्पी दिखा रही है क्योंकि देश एक आकर्षक निवेश गंतव्य के रूप में उभरा है। सिंह ने कहा, यह दर्शाता है कि अब बहुत तेज गति से आगे बढ़ने का समय है।

# सपा का राष्ट्रीय अधिवेशन 29 सितंबर को, अखिलेश के लगातार तीसरी बार अध्यक्ष चुने जाने की सम्भावना

**लखनऊ। (एजेंसी)।**

उत्तर प्रदेश में मुख्य विपक्षी दल समाजवादी पार्टी (सपा) का राष्ट्रीय अधिवेशन आगामी 29 सितंबर को लखनऊ में आयोजित किया जाएगा। स्थानीय निकाय के आसन्न चुनावों और उसके बाद वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव के लिहाज से बेहद महत्वपूर्ण माने जा रहे इस अधिवेशन में अखिलेश यादव को लगातार तीसरी बार पार्टी का अध्यक्ष चुने जाने की सम्भावना है। अधिवेशन में मुख्य विपक्षी दल होने के नाते सत्तारूढ़ भाजपा से निपटने के लिए सपा अपनी कारगर भूमिका के बारे में चर्चा करेगी। साथ ही वर्ष 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव में पार्टी की रणनीति पर भी गहन चर्चा होगी। सपा के मुख्य प्रवक्ता राजेन्द्र चौधरी ने मंगलवार को पीटीआई- को बताया कि पार्टी का राष्ट्रीय अधिवेशन 29 सितंबर को जबकि प्रान्तीय अधिवेशन एक दिन पहले 28 सितंबर को होगा। रमाबाई अंबेडकर रैली स्थल पर आयोजित होने जा रहे इन अधिवेशनों में पार्टी के करीब 25 हजार प्रतिनिधि हिस्सा लेंगे। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय अधिवेशन में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव होगा। राज्य स्तरीय अधिवेशन में प्रान्तीय अध्यक्ष का चुनाव होगा। इसके अलावा निकट भविष्य में होने वाले स्थानीय निकाय चुनाव और 2024 के लोकसभा चुनाव के लिये पुख्ता रणनीति पर चर्चा की जाएगी। राष्ट्रीय अधिवेशन में अखिलेश यादव को ही लगातार तीसरी बार पार्टी अध्यक्ष चुने जाने की प्रबल सम्भावना है।

पार्टी में तत्कालीन कैबिनेट मंत्री शिवपाल यादव से गतिरोध के कारण पार्टी के झंडे और चुनाव निशान को लेकर अदालती लड़ाई जीतने के बाद अखिलेश यादव को एक जनवरी 2017 को आपात राष्ट्रीय अधिवेशन बुलाकर पहली बार पार्टी संस्थापक मुलायम सिंह यादव के स्थान पर दल का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाया गया था। उसके बाद अक्टूबर 2017 में आगरा में हुए विधिवत राष्ट्रीय अधिवेशन में उन्हें एक बार फिर सर्वसम्मति से पार्टी का अध्यक्ष चुना गया था। उस वक्त पार्टी के संविधान में बदलाव कर अध्यक्ष के कार्यकाल को तीन साल से बढ़ाकर पांच वर्ष कर दिया गया था। अक्टूबर 1992 में गठित सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद पर अब तक यादव परिवार का ही कब्जा रहा है। अखिलेश से पहले मुलायम सिंह यादव ही पार्टी के अध्यक्ष रहे। इस बीच, पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता आशुतोष पटेल ने बताया कि सम्मेलन में सपा संस्थापक मुलायम सिंह को भी आमंत्रित किया गया है, मगर उनके खराब स्वास्थ्य को देखते हुए उनके शामिल होने पर संशय की स्थिति बनी हुई है। चौधरी ने बताया कि सपा के राष्ट्रीय और प्रांतीय अधिवेशनों में देश और प्रदेश की राजनीतिक-आर्थिक स्थिति पर प्रस्ताव पारित करने के साथ-साथ समाजवादी पार्टी की भूमिका की दिशा भी सुनिश्चित की जाएगी। साथ ही जातीय जनगणना के मुद्दे पर भी खास तौर से चर्चा होगी। उन्होंने कहा सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने देश में राजनीतिक एवं आर्थिक संकट पैदा किया है और लोकतांत्रिक व्यवस्था के साथ खिलवाड़ कर रही है। मुख्य विपक्षी दल होने के नाते उससे निपटने के लिए सपा अपने इन सम्मेलनों में अपनी कारगर भूमिका के बारे में चर्चा करेगी। इन सम्मेलनों में वर्ष 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव में पार्टी की रणनीति पर भी गहन चर्चा होगी।



# अंकिता जांच में लारवाही पर पटवारी और राजस्व उपनिरीक्षक निलंबित

**ऋषिकेश, (एजेंसी)।** पौड़ी जिले की यमकेश्वर तहसील के उदयपुर पल्ला -2 के पटवारी वैभव प्रताप सिंह को भी निलंबित कर दिया गया है। अंकिता हत्याकांड को लेकर पटवारी वैभव प्रताप पर इस गंभीर प्रकरण के संज्ञान में आने के बाद उचित कार्रवाई अमल में नहीं लाए जाने, उच्चाधिकारियों को घटना से अवगत कराए बिना ही अवकाश पर जाने जैसे आरोप लगे थे। यही नहीं विपक्ष ने भी इस पर सवाल खड़े किए थे और सोशल मीडिया पर कई तरह की प्रतिक्रियाएं आ रही थी।



**हत्यारोपी पुलकित के साथ थीं पटवारी की नजदीकियां!**

इसी मामले को परिजनों ने भी उठाया था। इसके बाद पटवारी वैभव प्रताप की भूमिका को लेकर डीएम ने एसडीएम यमकेश्वर को जांच कर रिपोर्ट देने को कहा था। अब एसडीएम यमकेश्वर की प्रारंभिक जांच रिपोर्ट में लापरवाही की पुष्टि होने के बाद डीएम ने राजस्व उपनिरीक्षक वैभव प्रताप को सस्पेंड कर दिया है। वैभव प्रताप को तहसील थलीसैंण से अटैच करते हुए, इस मामले की जांच एसडीएम लैंसडौन को सौंपी दी है।अंकिता की गुमशुदगी को लेकर बरती गई लापरवाही पर इससे पूर्व चार्ज पर रहे पटवारी विवेक कुमार को निलंबित किया जा चुका है।

एसडीएम की जांच रिपोर्ट में उदयपुर पन्ना -2 में तैनात राजस्व उपनिरीक्षक वैभव प्रताप की लापरवाही की पुष्टि हुई है। करीब दो पन्नों की रिपोर्ट में कहा गया है कि जब 19 सितंबर को ही वैभव प्रताप को अंकिता की गुमशुदगी का पता लग गया और उन्होंने इस मामले में अंकिता के परिजनों से भी बात कर ली थी तो इतने गंभीर प्रकरण को बिना उचित कार्रवाई किए और बिना उच्चाधिकारियों को बताए उन्होंने अपना अवकाश स्वीकृत करवा लिया। वैभव प्रताप 20 से 23 सितंबर तक अवकाश पर रहे थे।

# मिसाइल सिस्टम दुश्मनों को चुटकियों में करेगा ध्वस्त

## डीआरडीओ ने किया मिसाइल को सफल परीक्षण

**चांदीपुर (एजेंसी)।** भारत ने रक्षा के क्षेत्र में एक और अहम पड़ाव को सफलतापूर्वक पार कर लिया है। रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने मंगलवार को कम दूरी पर मार करने वाली एयर डिफेंस सिस्टम (विशरॉडस) का सफलतापूर्वक परीक्षण किया है। यह मिसाइल सिस्टम हर मानकों पर खरा उतरी है। मिसाइल के सफर परीक्षण पर डीआरडीओ के अधिकारियों ने खुशी जाहिर की है। मिली जानकारी के अनुसार डीआरडीओ ने ओडिशा के तट से दूर चांदीपुर की एकीकृत परीक्षण रेंज से ग्राउंड बेस्ड पोर्टेबल लॉन्चर से कम दूरी की मार करने वाली एयर डिफेंस सिस्टम मिसाइल का दो बार सफल परीक्षण किया। यह मिसाइल सिस्टम एक मैन पोर्टेबल एयर डिफेंस सिस्टम है, जिसे डीआरडीओ के रिसर्च सेंटर इमरत हैदराबाद द्वारा अन्य डीआरडीओ प्रयोगशालाओं और भारतीय उद्योग पार्टनरों के सहयोग से स्वदेशी रूप से डिजाइन और विकसित किया गया है।



**भारतीय सेना की ताकत में इजाफा:** डीआरडीओ और सेना के वरिष्ठ अधिकारियों की मौजूदगी में इस मिसाइल सिस्टम का परीक्षण किया गया। यह मिसाइल सिस्टम कम दूरी तक हमला करने में सक्षम है। इसके खासतौर पर त्वरित प्रतिक्रिया वाली मिसाइल के रूप में तैयार किया गया है।

### इस मिसाइल सिस्टम की खासियत

इस मिसाइल सिस्टम में कई नवीन तकनीकों को शामिल किया गया है, जिसमें शॉर्ट रिएक्शन कंट्रोल सिस्टम और एकीकृत एवियोनिक्स शामिल हैं, जो परीक्षणों के दौरान सफलतापूर्वक सिद्ध हुए हैं। कम दूरी पर कम ऊंचाई वाले हवाई खतरों को बेअसर करने के लिए बनाई गई मिसाइल को दोहरे जोर वाली ठोस मोटर द्वारा संचालित किया जाता है। इस मिसाइल सिस्टम को आसानी से ऑपरेट करने की विधि को सुनिश्चित करने के लिए लांचर सहित मिसाइल के डिजाइन को अत्यधिक अनुकूलित किया गया है। दोनों उड़ान परीक्षण मिशन के उद्देश्यों को पूरी तरह से पूरा कर चुके हैं।

# पाक में अपहरण के बाद सिख महिला से जबरन शादी



**जयशंकर ने लिया संज्ञान**

**मुंबई, (एजेंसी)।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि भारत सरकार ने 20 अगस्त को पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में एक महिला सिख शिक्षिका के कथित अपहरण और जबरन धर्म परिवर्तन की घटना को शहबाज सरकार के सामने उठाया है और घटना की कड़े शब्दों में निंदा की है। राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग (एनसीएम) के जवाब में, जयशंकर ने कहा कि केंद्र ने इस तरह की चौंकाने वाली और निंदनीय घटना पर अपनी गंभीर चिंता व्यक्त की है।

ईएएम ने कहा कि भारत सरकार ने अपनी उम्मीदों को भी साझा किया है कि पाकिस्तान सरकार ईमानदारी से इसकी जांच करेगी और इस घटना के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करेगी। पाकिस्तान से भी देश में अल्पसंख्यक समुदायों के सदस्यों की सुरक्षा और कल्याण सुनिश्चित करने के लिए कहा गया है, जिसमें उनके पूजा स्थल भी शामिल हैं। गौरतलब है कि खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के बुनेर जिले में सिख महिला का कथित तौर पर बंदूक की नोक पर अपहरण कर लिया गया और उसके अपहरणकर्ता से जबरन शादी करा दी गई। 22 अगस्त को, एनसीएम प्रमुख इकबाल सिंह लालपुरा ने जयशंकर को पत्र लिखकर अनुरोध किया था कि वह इस मामले को पाकिस्तान में अपने समकक्ष के साथ उठाएं ताकि इस प्रकार की घटना की पुनरावृत्ति न हो और नफरत को रोकने और पाकिस्तान में सिखों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए उचित कदम उठाए जाएं। जयशंकर ने 17 सितंबर को एनसीएम प्रमुख को वापस लिखा कि सरकार ने इस घटना पर ध्यान दिया है और जैसे ही घटना की रिपोर्ट मिली, उसने राजनयिक के माध्यम से पाकिस्तान सरकार के समक्ष इस मामले को उठाया है।

# सीबीआई ने आरोपी विजय नायर को किया गिरफ्तार

**, नई दिल्ली, (एजेंसी)।** दिल्ली की शराब नीति मामले में सीबीआई ने पहली गिरफ्तारी की है। इस मामले में सीबीआई ने विजय नायर को अरेस्ट किया है। वह एक एंटरटेनमेंट और इवेंट मीडिया कंपनी के पूर्व सीईओ हैं। ईडी ने भी उनके ठिकानों पर छापा मारा था। उनको इस कथित घोटाले का मुख्य साजिशकर्ता बताया जा रहा है।



**दिल्ली शराब नीति मामले में पहली गिरफ्तारी**

विजय नायर ओनली मच लाउडर नाम की एंटरटेनमेंट और मीडिया इवेंट कंपनी के पूर्व सीईओ हैं। जानकारी के मुताबिक, विजय नायर को मंगलवार को सीबीआई दफ्तर में पूछताछ के लिए बुलाया गया था। इसके बाद उनको गिरफ्तार किया गया। विजय नायर पर चुन-चुनकर लाइसेंस देने, गुटबंदी करने और साजिश रचने का आरोप है। विजय नायर की गिरफ्तारी पर बीजेपी ने दिल्ली की आम आदमी पार्टी को घेरा भी है। लिखा गया है कि अभी मीडिया से पता चला की विजय नायर को गिरफ़्तार कर लिया गया। आगे लिखा है कि मनीष सिसोदिया अभी शुरुआत हो गई बहुत जल्दी आपकी और अरविंद केजरीवाल की तमन्ना पूरी होगी।

# मीडिया, मनोरंजन क्षेत्र 2030 तक 100 बिलियन डॉलर का लक्ष्य रखें

**नई दिल्ली, (ब्यूरो)।** केंद्रीय सूचना और प्रसारण सचिव अपूर्व चंद्रा ने मीडिया और मनोरंजन उद्योग से आह्वान किया कि साल 2030 तक इस उद्योग को 100 बिलियन डॉलर से भी ज्यादा तक बढ़ाने का लक्ष्य निर्धारित करें।

मंगलवार को मुंबई में फिक्की फ्रेम्स फास्ट ट्रैक 2022 के उदघाटन सत्र को संबोधित करते हुए सचिव ने कहा कि भारत अगले 10 वर्षों में 10 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था होगी। ऐसे में हमें ये लक्ष्य तय करना चाहिए कि मीडिया और मनोरंजन क्षेत्र 2030 तक 100 बिलियन डॉलर से ज्यादा का हो जाए। सूचना और प्रसारण मंत्रालय मीडिया एवं मनोरंजन क्षेत्र को सहायता देने और इसे विकसित करने में मदद करने के लिए जो भी मुमकिन हो वो करेगा।श्री चंद्रा ने घोषणा की कि भारत में फिल्म क्षेत्र में ज्यादा विदेशी निवेश लाने के लिए इन्वेस्ट इंडिया का लाभ उठाया जाएगा। उन्होंने कहा कि मंत्रालय ने विभिन्न फिल्म इकाइयों का एक के अंतर्गत विलय कर दिया है।




**फिक्की फ्रेम्स फास्ट ट्रैक 2022 के उद्घाटन सत्र में चंद्रा**

# स्वदेशी जीपीएस नाविक से लैस होंगे सभी स्मार्टफोन्स

**नई दिल्ली ■ एजेंसी**

सरकार ने भारत में बने सभी स्मार्टफोन में स्वदेशी रूप से विकसित नेविगेशन प्रणाली नाविक को शामिल करने का प्रस्ताव रखा है। सूत्रों ने यह जानकारी दी।

सितंबर के पहले सप्ताह में हुई बैठक में मौजूद कुछ मोबाइल और चिप कंपनियों ने कहा था कि नाविक को स्मार्टफोन में शामिल करने से अतिरिक्त लागत आएगी। उन्होंने कहा था कि स्मार्टफोन में वर्तमान चिपसेट की आवृत्ति (फ्रीक्वेंसी) अमेरिकी नेविगेशन प्रणाली जीपीएस और रूसी नेविगेशन प्रणाली ग्लोनास का समर्थन करने के लिए स्थापित की हुई है। इस मामले से जुड़े एक सूत्र ने बताया कि भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने 2024-25 में एक उपग्रह छोड़ने की योजना बनाई है जो जीपीएस और ग्लोनास का समर्थन करने वाले एल1 बैंड को सहयोग करेगी। नाविक एल5 बैंड में उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि बैठक विचार-विमर्श के लिये बुलायी गयी थी। अभी कोई समयसीमा तय नहीं की गई है।



**केंद्र ने मोबाइल कंपनियों संग की बैठक**

इस मामले पर उद्योग के साथ आगे चर्चा की जाएगी। उद्योग के सूत्रों ने कहा कि घरेलू रूप से निर्मित स्मार्टफोन में नाविक का समर्थन करने के लिए जनवरी 2025 की एक संभावित समयसीमा प्रस्तावित की गई है। यह प्रस्ताव विदेशी तकनीक पर देश की निर्भरता कम करने के सरकार के उद्देश्य का हिस्सा है।

## भारतीय वायुसेना का रोमांचक प्रदर्शन



आईएएफ की सूर्यकिरण एरोबेटिक टीम ने गुवाहाटी में एक एयर शो में प्रदर्शन किया। मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा भी शो को देख रोमांचित हुए।

# श्रीकांत की पत्नी ने दिखाई दबंगई घर के सामने फिर से लगवाए पौधे

**नोएडा ■ एजेंसी**

गालीबाज नेता श्रीकांत त्यागी प्रकरण के बाद चर्चा में आई नोएडा के सेक्टर-93 की ग्रैंड ओमैक्स सोसाइटी एक बार फिर सुर्खियों में है। इस बार यहां श्रीकांत की पत्नी अनु त्यागी ने दबंगई दिखाते हुए अपने घर के सामने एक बार फिर से पौधे लगाने शुरू कर दिए हैं। वहीं, जब सोसाइटी के लोगों ने इसका विरोध किया तो उनमें बहस हो गई। इसके बाद घटना की सूचना पाकर स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंच गई।

जानकारी के अनुसार, श्रीकांत त्यागी की पत्नी अनु त्यागी के समर्थन में सोमवार को त्यागी समाज के लोगों ग्रैंड ओमैक्स सोसाइटी के बाहर धरना-प्रदर्शन किया था। इस दौरान प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे मांगे राम त्यागी ने नोएडा पुलिस और प्राधिकरण से सोसाइटी में हुए सभी अवैध निर्माणों को ढहाने और पेड़-पौधों को हटाने की मांग की थी। हालांकि, पुलिस ने प्रदर्शन कर रहे लोगों को समझाकर शांत किया और उनका धरना खत्म करा दिया था।

मांगे राम त्यागी ने पुलिस और प्राधिकरण के अधिकारियों को 24 घंटे का अल्टीमेटम देते हुए कहा था कि वह अनु त्यागी के घर के बाहर से उखाड़े गए पेड़ों को फिर से लगवाएं और उसके घर का जो हिस्सा तोड़ा गया था उसका भी फिर से निर्माण कराएं। अगर ऐसा नहीं होता तो सोसाइटी के जिन 299 फ्लैटों में अवैध निर्माण हैं और उन्होंने पौधे लगा रखे हैं, उन्हें भी हटाया जाए। मांगें पूरी नहीं होने पर त्यागी समाज के द्वारा अब नोएडा में ही धरना प्रदर्शन किया जाएगा और यहीं पर त्यागी समाज के लोगों का टैंट लगेगा।

# लक्खी मेले में उमड़े श्रद्धालु

**भरतपुर (एजेंसी)।** उत्तर भारत के प्रसिद्ध तीर्थ स्थलो में से एक करौली के कैला देवी में शारदीय नवरात्र पर घट स्थापना के धार्मिक अनुष्ठान के साथ ही लक्खी मेले में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ना शुरू हो गई है। कोरोना त्रासदी के बाद पहली बार आयोजित हो रहे शारदीय नवरात्रा के 10 दिन तक भरने वाले इस मेले में राजस्थान, मध्यप्रदेश, उत्तर प्रदेश, दिल्ली, हरियाणा, गुजरात सहित विभिन्न राज्यों से करीब आठ से दस लाख श्रद्धालुओं द्वारा माता के दरबार में धोक लगाकर खुशहाली की मनौती मांगने का अनुमान है। सुबह मंगला आरती से शयन आरती तक माता के भवन में जयकारे के साथ श्रद्धालुओं का तांता लगा हुआ है। गौरतलब है कि कैला देवी का मेला वर्ष में दो बार लगता है। प्रमुख मेला चैत्र माह में भरता है जिसमें करीब 50 लाख श्रद्धालु माता के दरबार में आते हैं। मेले के दौरान मंदिर परिसर में ढोल-नगाड़ों की धुन पर महिला-पुरुष श्रद्धालुओ का लांगुरिया गीतों के बीच नृत्य भी यहां आकर्षण का केंद्र बना हुआ है।

# राहुल की भारत जोड़ो यात्रा का 20वां दिन, सुनी किसानों की समस्या

**पंडिक्कड, (केरल) ■ एजेंसी**

कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा 20वें दिन मंगलवार को केरल के मलप्पुरम जिले में प्रवेश कर गई और करीब 23 किलोमीटर की यात्रा तय कर विश्राम के लिए पंडिक्कड पहुंची।



भारत जोड़ो यात्रा सुबह सुबह साढे छह बजे सुहावने मौसम और खूबसूरत नजारों के बीच पुलमंथोल जंक्शन से आरंभ हुई और ख़ूबसूरती से सजाए गए एक पुल को पार करते हुए मलप्पुरम जिले में प्रवेश कर गई। दिन के पहले विश्राम के लिए मलप्पुरम जिले में पट्टिक्कड के एमएसटीएम आर्ट्स और विज्ञान कालेज पहुंची जहां यात्रियों ने 14 किलोमीटर की यात्रा चलकर पूरी की और दोपहर का भोजन कर विश्राम किया। पदयात्रा शाम की पाली में पट्टिक्कड से रवाना हुए और करीब सात किलोमीटर की दूरी तय कर रात्रि विश्राम के लिए थचुंगानंदम पहुंची। दिन में कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी मंगलवार को किसानों से मिलने और उनकी समस्याओं को सुना।

# उमरे मुख्यालय में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन

**प्रयागराज, (ब्यूरो)।** महाप्रबंधक कार्यालय, उमरे, मुख्यालय प्रयागराज के अरावली सभाकक्ष में मंगलवार को स्वच्छता पखवाड़ा - 2022 के अवसर पर कर्मचारियों के मध्य जागरूकता हेतु प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता की अध्यक्षता अजय कुमार श्रीवास्तव, प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी द्वारा की गई । प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन मुकेश कुमार कुलश्रेष्ठ, उप मुख्य कार्मिक अधिकारी / निर्माण एवं औ.स. के निर्देशन में किया गया।

**स्वच्छता पखवाड़ा**

कार्यक्रम का संचालन आदेश कुमार मिश्र, सहायक कार्मिक अधिकारी, मुख्यालय ने किया। इस अवसर पर मुख्यालय में कार्यरत कर्मचारियों ने पूरे उत्साह से ब?-च? कर हिस्सा लिया। इस प्रतियोगिता को सफलतापूर्वक संपन्न कराने में सहयोगी कर्मचारी पवन कुमार मौर्य / आशुलिपिक, श्रीमती प्रीति कुमारी / मुख्य कर्मचारी एवं कल्याण निरीक्षक एवं दलीप सिंह / कर्मचारी एवं कल्याण निरीक्षक का विशेष योगदान रहा। अंत में धन्यवाद ज्ञापन मुकेश कुमार कुलश्रेष्ठ, उप मुख्य कार्मिक अधिकारी / निर्माण एवं औ.स. द्वारा किया गया

# मांस विज्ञापनों पर प्रतिबंध लगाने की याचिका खारिज

**मुंबई, (एजेंसी)।** बंबई हाईकोर्ट ने टीवी और समाचार पत्रों में मांसाहारी भोजन के विज्ञापनों पर प्रतिबंध लगाने की मांग वाली एक याचिका खारिज कर दी है। सीजे दीपांकर दत्त और जस्टिस. माधव जामदार ने सोमवार को जैन धर्मार्थ ट्रस्टों की याचिका को खारिज करते हुए कहा कि अदालत तभी हस्तक्षेप कर सकती है जब नागरिकों के अधिकारों का उल्लंघन हो। यह देखते हुए कि इन विज्ञापनों को देखना है या नहीं, यह पसंद का मामला था, कोर्ट ने याचिकाकर्ताओं से कहा कि वे दूसरों के अधिकारों का अतिक्रमण न करें।

श्री आत्मा कमल लब्धिसूरीश्वरजी जैन ज्ञानानंदिर ट्रस्ट, शेठ मोतीशा धार्मिक और धर्मार्थ ट्रस्ट, श्री वर्धमान परिवार और व्यवसायी ज्योतिंद्र रमणिकलाल शाह द्वारा चायिका दायर की गई थी।

## आज का इतिहास

- **1837:** शाह ज़फ़र भारत में मुग़लों का अंतिम सम्राट, अपने पिता की मृत्यु के बाद सिंहासन पर बैठा।
- **1887:** चीन के वांग-हो नदी में बाढ़ से करीब 15 लाख लोग मरे।
- **1923:** इथोपिया ने राष्ट्र संघ की सदस्यता छोड़ी।
- **1928:** अमेरिका ने चीन की राष्ट्रवादी च्यांग काई-शेक की सरकार को मान्यता दी।
- **1950:** इंडोनेशिया संयुक्त राष्ट्र का 60 वां सदस्य बना।
- **1958:** फ्रांस में संविधान लागू हुआ।
- **1994:** एतोमिया के जल पोत के तुर्क सागर में डूब जाने से 800 की मौत।
- **1997:** अमेरिकी अंतरिक्ष शटल अटलांटिक रूसी अंतरिक्ष केन्द्र 'मीर' से जुड़ा।
- **2000** - सिडनी ओलम्पिक में 200 मीटर की दौड़ के स्वर्ण पदक का ख़तिाब मोरियाना जोंस तथा केंटेरिस ने जीता।

**सख्ती** | दिल्ली महिला आयोग की चेयरपर्सन स्वाति मालीवाल ने किया बड़ा दावा

# ट्विटर पर खरीदे-बेचे जा रहे बच्चों के अश्लील वीडियो

**नई दिल्ली ■ एजेंसी**

दिल्ली महिला आयोग की अध्यक्ष स्वाति मालीवाल सोशल मीडिया और ट्विटर पर हमलावर नज़र आई। चाइल्ड पॉर्नोग्राफी को लेकर दिल्ली महिला आयोग की अध्यक्ष स्वाति मालीवाल ने बड़ा दावा किया है। स्वति मालीवाल ने कहा कि दुनिया के सबसे बड़े सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स में शामिल ट्विटर अब बच्चों की अश्लील वीडियो बेचने का जरिया बन गया है। बच्चियों के रेप के वीडियो ट्विटर पर काफी बड़ी संख्या में मौजूद हैं। ट्विटर पर 20-30 रुपए में बच्चियों की अश्लील वीडियो को बेचा जा रहा है। इस मामले में उन्होंने ट्विटर इंडिया के हेड को समन भेजा है।

**ट्विटर इंडिया के हेड को समन:** स्वाती मालीवाल ने कहा कि ट्विटर इंडिया के हेड को समन जारी किया है। वो दिल्ली महिला आयोग के ऑफिस आकर जवाब दें। उन्होंने पूछा कि क्या ट्विटर सिर्फ अमेरिका के कानून का ही पालन करता है। इस मामले में दिल्ली पुलिस के साइबर सेल के छ्ष्टक्को भी समन जारी किया गया है। मालीवाल ने बताया कि कमीशन ने जांच शुरू कर दी है। 20 रुपये में वीडियो ले जाओ ऐसा ट्विटर पर चल रहा है। इसका पूरा रैकेट चल रहा है। स्कूल गर्ल के वीडियो, चाइल्ड पोर्नोग्राफी, ये सिलसिला कई महीनों या सालों से चल रहा है। स्वाति मालीवाल ने कहा कि कमीशन ने ऐसे ट्वीट्स की पूरी लिस्ट दिल्ली पुलिस और ट्विटर से शेयर की है।

**हिंदुस्तान में क़ानून का पालन क्यों नहीं:** स्वाति मालीवाल ने एक ट्वीट कर लिखा कि ÷छोटी बच्चियों के साथ बलात्कार की वीडियो हजारों लोग शेयर कर रहे हैं। खुफ़िया कैमरे से महिलाओं की नहाते हुए वीडियो डाली जा रही है। ये कंपनी विदेश में कानूनों का पालन करते हैं। हिंदुस्तान में महिलाओं के साथ अश्लीलता और बलात्कार पर आंखें मूंद लेते हैं।

### एफआईआर दर्ज की जाए: स्वाति



स्वाती मालीवाल के बताया कि मैं ट्विटर पर उपलब्ध बलात्कार और बाल अश्लील वीडियो से हैरान हूं। सोशल मीडिया पर इस तरह के फोटोज़ को ट्विटर से फौरी तौर पर हटाने की जरूरत है। उन्होने ये भी कहा कि इस मामले में दिल्ली पुलिस के ज़रिए एफआईआर दर्ज की जानी चाहिए। उन्होंने इस बात पर ज़ोर दिया कि इस तरह की गतिविधियों में शामिल अपराधियों को पुलिस के सामने लाया जाए।

### ट्वीटर और दिल्ली पुलिस को समन भी जारी किया

स्वाति मालीवाल की मंशा है कि इस तरह की गैरकानूनी एवं कुकृत्य सामग्री को ट्विटर के माध्यम से प्रसारित होने से रोकने के लिए उनकी पॉलिसी का पता लगाई जा सके और कानूनी एजेंसियों को तत्काल इस तरह के मामलों को रिपोर्ट करने के सिस्टम भी समझ में आए। विशेष रुप से ट्विटर इंडिया को इस बारे में जवाब प्रेषित करने का कहा गया है कि ऐसी सामग्री को न तो ट्विटर ने रिपोर्ट किया है न ही प्लेटफॉर्म से हटाया गया है। स्वाति मालीवाल ने इस मामले में प्राथमिकी दर्ज करने के लिए दिल्ली पुलिस को समन भी जारी किया है। आयोग की सिफारिश है कि चाइल्ड पोर्नोग्राफी और बलात्कार सम्बन्धित वीडियोज में दिखाई देने वाले बच्चों और महिलाओं की पहचान की जाए और उनकी हर सम्भव मदद की जाए।

# एनसीआर मुख्यालय में कविता पाठ प्रतियोगिता का आयोजन


**प्रयागराज, (ब्यूरो)।** हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में उमरे मुख्यालय में 14 सितंबर से आयोजित राजभाषा पखवाड़े के अंतर्गत मंगलवार को ऑन लाइन स्वरचित कविता पाठ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में महाप्रबंधक कार्यालय सहित मंडलों एवं कारखानों के विभिन्न विभागों में कार्यरत कर्मचारियों ने अत्यंत उत्साह से भाग लिया। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभागियों ने समसामयिक एवं सामाजिक सरोकार से संबंधित विषयों पर गीत, गजल, कविता के माध्यम से अपने विचार व्यक्त किए।

**राजभाषा पखवाड़ा**

इस प्रतियोगिता में वित्त सलाहकार एवं मुख्य लेखा अधिकारी आदित्य जोशी तथा मुख्य मोटिव पावर इंजीनियर/डीजल बृजेश कुमार पाण्डेय निर्णायक के रूप में उपस्थित थे। इस प्रतियोगिता में जितेन्द्र कुमार द्विवेदी, लेखा सहायक, प्रयागराज मंडल को प्रथम स्थान, धर्मेन्द्र कुमार, लोको पायलट गुड्स को द्वितीय स्थान तथा आर. के. पाण्डेय, वरिष्ठ सेक्शन इंजीनियर/बिजली, प्रयागराज मंडल को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। निर्णायक मंडल के सदस्यों ने प्रतियोगिता के उपरांत प्रतिभागियों के काव्यपाठ हेतु चुने गए विषयों की सराहना की। इस प्रतियोगिता का संचालन राजभाषा अधिकारी यथार्थ पाण्डेय द्वारा किया गया तथा वरिष्ठ राजभाषा अधिकारी, चन्द्र भूषण पाण्डेय द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया गया। इस अवसर पर अपने उदगार व्यक्त करते हुए वित्त सलाहकार एवं मुख्य लेखा अधिकारी आदित्य जोशी ने कहा कि कविता में नए प्रयोग एवं युगीन भाषा होनी चाहिए। कविता को पढ़ने और सुनने के बीच फासला नहीं होना चाहिए।

प्रसंग

# बढ़ानी होगी जल संचयन की क्षमता



इस समय भारत में बांधों और जल संचयन के दूसरे साधनों की संख्या और क्षमता दोनों ही जरूरत से बहुत पीछे हैं। देश में उपलब्ध पांच हजार से ज्यादा छोटे-बड़े बांध इस समय वर्षा से मिल रहे पानी को रोक कर रखने के लिए अपर्याप्त साबित हो रहे हैं। यही वजह है कि कई शहर हर साल गर्मी में जलसंकट का सामना करते हैं। थोड़ी सी एहतियात बरतकर हम इस संकट से निजात पा सकते हैं, लेकिन इसके लिए इच्छाशक्ति चाहिए।

**संयुक्त** राष्ट्र ने वैश्विक जनसंख्या के आंकड़े जारी कर दिए हैं। भारत की जनसंख्या 136 करोड़ तक पहुंच गई है। पिछले नौ साल में बाकी सभी देशों की तुलना करें तो भारत की जनसंख्या सबसे तेज रफ्तार से बढ़ी है। दुनिया में सबसे ज्यादा आबादी वाला देश अभी भी चीन ही है, जिसकी आबादी इस समय 142 करोड़ का आंकड़ा पार कर चुकी है। अगर चीन की जनसंख्या बढ़ोतरी की रफ्तार देखें तो पिछले नौ साल में वह सिर्फ 0.5 फीसद सालाना की दर से बढ़ी, जबकि इसी दौरान भारत की जनसंख्या 1.2 फीसद की दर से बढ़ी। भारत में बढ़ती जनसंख्या के साथ संसाधनों की जरूरत भी बढ़ती है। हर देश के पास अपनी आबादी की गुजर बसर के लिए संसाधन सीमित होते हैं। कुछ प्राकृतिक संसाधन तो स्थिर होते हैं जिन्हें बढ़ाया नहीं जा सकता, जैसे-जल संसाधन। जल जीवन की अनिवार्य आवश्यकता है और भारत इस समय अगर सबसे ज्यादा किसी चीज की कमी से जूझ रहा है तो वह पानी ही है। जिस रफ्तार से भारत की आबादी बढ़ रही है उस रफ्तार से पानी का इंतजाम करने में हम साल दर साल नाकाम होते जा रहे हैं।

यह एक तथ्य है कि प्रचुर वर्षा के कारण कभी भारत जल संपन्न देश समझा जाता था। लेकिन अब ऐसा नहीं है। आबादी बढ़ने से हम जल संपन्न देशों की सूची से बाहर हो गए हैं। यह अलग बात है कि इस भयावह हकीकत का पता हमें इसलिए नहीं चल रहा है क्योंकि हम पानी की जरूरत पूरी करने के लिए भूजल पर निर्भरता बढ़ाते आए हैं। मौजूदा हालात यह हैं कि भूजल भी चुक जाने को आ गया है। भारत सरकार की एक रिपोर्ट आई है कि दो-तीन साल के भीतर ही देश के कई शहरों का भूजल स्तर हमारी पहुंच से नीचे गिर जाएगा। इस समय विश्व में जितना भूजल निकाला जा रहा है उसका एक चौथाई यानी 25 फीसद सिर्फ भारत निकाल रहा है जबकि इस समय विश्व को प्रकृति से जितना ताजा पानी मिलता है उसमें भारत के हिस्से में सिर्फ चार फीसद ही आता है।

संयुक्त राष्ट्र की विशेषज्ञ एजेंसी (एफएओ) फूड एंड एग्रीकल्चर आर्गेनाइजेशन के हिसाब से प्रति व्यक्ति प्रति वर्ष कम से कम दो हजार घन मीटर पानी चाहिए। जिस देश में प्रति व्यक्ति इससे कम पानी उपलब्ध हो, उसे जल अभाव वाले देश की श्रेणी में ही रखा जाता है। अगर यह उपलब्धता एक हजार घन मीटर प्रति व्यक्ति प्रति वर्ष से कम हो तो उस देश को गंभीर जल अभाव की श्रेणी में रखा जाता है। देश को आजादी मिलने के समय हमारी आबादी 33 करोड़ थी और बारिश से हमें हर साल चार हजार अरब घन मीटर पानी मिलता था। तब प्रति व्यक्ति सालाना जल उपलब्धता पांच हजार छह सौ घन मीटर थी, यानी अंतरराष्ट्रीय मानदंड के लिहाज से पर्याप्त से कोई ढाई गुनी ज्यादा। लेकिन अब हमारी आबादी एक अरब 36 करोड़ हो चुकी है, यानी आजादी के बाद से आज तक आबादी चार गुना बढ़ गई जबकि बारिश से मिलने वाले पानी की मात्रा वही है। इस तरह से इस वक्त भारत में प्रति व्यक्ति प्रतिवर्ष जल की उपलब्धता लगभग एक हजार चार सौ घनमीटर ही बची है। लेकिन यह आंकड़ा उपलब्ध पानी का है, इस्तेमाल होने लायक पानी का नहीं। इसके लिए बारिश के पानी के सही-सही हिसाब-किताब पर गौर करना पड़ेगा।

भले ही देश की धरती पर वर्षा और हिमपात के रूप में चार हजार अरब घनमीटर पानी बरसता है, लेकिन यह पूरा का पूरा पानी इस्तेमाल के लिए उपलब्ध नहीं है। इस चार हजार अरब घनमीटर पानी में से आधे से ज्यादा यानी दो हजार 131 घनमीटर पानी भाप बन कर उड़ जाने से और देश की विशिष्ट भू-आकृति के कारण इधर-उधर से बह कर समुद्र में चला जाता है। काफी कुछ पानी जमीन सोख लेती है। इसीलिए जल विज्ञानी हिसाब लगाते हैं कि सिर्फ एक हजार 869 अरब घनमीटर पानी हमें नदियों में और भूजल के पुनर्भरण के रूप में उपलब्ध है, लेकिन भारत की स्थलाकृति के कारण यह एक हजार 869 अरब घनमीटर पानी भी पूरा का पूरा हमारी पहुंच में नहीं है। इस समय हमारी पहुंच सिर्फ एक हजार 123 अरब घनमीटर पानी तक है। इस आंकड़े में भी सतही जल सिर्फ 690 अरब घनमीटर है। बाकी 433 अरब घनमीटर पानी भूजल के रूप में उपलब्ध है। बेशक यह भूजल एक प्रकार से वर्षा का पानी है जो रिस कर जमीन में जमा होता है, लेकिन चिंताजनक तथ्य यह है कि बारिश का पानी जमीन में रिस कर कम मात्रा में जा रहा है और हम भूजल का दोहन ज्यादा कर रहे हैं।

दुनिया में सभी देश अपनी जल संचयन क्षमता बढ़ाने में लगे हैं। अमेरिका अपने हर नागरिक के लिए प्रति वर्ष पांच हजार घन मीटर जल का संचयन कर लेता है। मेक्सिको तक प्रति व्यक्ति प्रति वर्ष एक हजार घन मीटर जल संचयन कर रहा है। जबकि भारत में प्रति व्यक्ति सालाना 225 घन मीटर पानी का संचयन हो पा रहा है। यह आंकड़ा भी औसत लेकर निकाला गया है। इस समय भारत में बांधों और जल संचयन के दूसरे साधनों की संख्या व क्षमता दोनों ही जरूरत से बहुत पीछे है। देश में उपलब्ध पांच हजार से ज्यादा छोटे-बड़े बांध इस समय वर्षा से मिल रहे पानी को रोक कर रखने के लिए अपर्याप्त साबित हो रहे हैं। इसका सबसे बड़ा साक्ष्य पिछले साल के बारिश के आंकड़े हैं। पिछले साल सामान्य बारिश रहने के बावजूद कुछ ही महीनों के अंदर देश का 47 फीसद क्षेत्र सूखे की चपेट में आ गया था। सूखे के आंकड़े आईआईटी-गांधीनगर ने महीने भर पहले जारी किए हैं। मानसून के समय बाढ़ और कुछ ही महीनों बाद देश में सूखा पड़ जाना जल प्रबंधन की नाकामी का जीता जागता सबूत है।

पिछले साल ही नीति आयोग ने देश में पानी की स्थिति पर एक रिपोर्ट जारी की थी। रिपोर्ट में बताया गया था कि आने वाले दो-तीन साल में देश के 21 शहरों का भूजल लगभग समाप्त हो जाएगा। इस समय सबसे ज्यादा भूजल का दोहन कृषि के लिए किया जा रहा है। नीति आयोग की रिपोर्ट में यह भी बताया गया था कि वर्ष 2030 तक भारत में पानी की मांग आपूर्ति की तुलना में दुगनी हो चुकी होगी। अब जनसंख्या के नवीनतम आंकड़ों के हिसाब से यह आफत 2030 के पहले भी आ सकती है। हालत अब इतनी नाजुक है कि अगर किसी भी साल मौसम ने थोड़ी-सी भी ऊंच-नीच कर दी तो नतीजे कई गुने भयानक हो सकते हैं। वैसे यह अंदेशा इसी साल खड़ा हो गया है। कुछ दिनों पहले ही यह बताया गया है कि इस साल अल नीनो प्रभाव के कारण भारत में बारिश सात फीसद कम होगी। उसके बाद सरकारी मौसम विभाग ने भी इस साल तीन फीसद कम बारिश का अनुमान लगाया है। जब देश का आधे से ज्यादा हिस्सा पहले से ही सूखे की चपेट में हो, बांध और जलाशय खाली पड़े हों, वैसी हालत में कम बारिश के अनुमान कुछ ज्यादा ही डरा रहे हैं।

यह भी तय है कि पानी की कमी की समस्या अब साल दर साल और गंभीर होती जाएगी। अगर जल संचयन की क्षमता बढ़ाने के काम को जल्द से जल्द और सर्वोच्च प्राथमिकता में न लाया गया तो बात हाथ से निकल जाएगी। जलसंकट की जो स्थिति आज हमारे सामने है, उसके जिम्मेदार भी हम ही हैं। हम प्रकृति से लेना तो जानते हैं, मगर उसे लौटाना नहीं। भूजल का दोहन जिस प्रकार से हो रहा है, उसे संचय नहीं किया जा रहा है। बहुत से लोगों को शायद ही याद हो कि उन्होंने आखिरी बार पौधरोपण कब किया था। फिर समस्या कैसे हल होगी।

**पंकज सिंह**
(वरिष्ठ पत्रकार)

राज-विचार

# अनुशासन पर ध्यान दे कांग्रेस

गांधी परिवार से इतर नई कांग्रेस की कवायद के बीच राजस्थान में सीएम पद को लेकर जिस तरह से शक्ति प्रदर्शन किया गया, वह यह बताने के लिए काफी है कि चेहरा बदलने भर से काम कतई नहीं चलेगा। पार्टी में अनुशासन का जो अभाव है, उस पर पार्टी ध्यान दे।



कांग्रेस पार्टी इन दिनों अजब-गजब स्थिति में फंस गई है। वह कुछ करे और उसकी जगहंसाई न हो, ऐसा असंभव हो गया है। कांग्रेस जैसे-तैसे गांधी परिवार के साए से बाहर आने को तैयार दिख रही थी, मगर राजस्थान के मुख्यमंत्री को लेकर ऐसा रायता फैला है कि हर कोई यह जानने-समझने की कोशिश में लगा है कि यह वाकई दो नेताओं की आपसी खुन्नस है या फिर राहुल गांधी को बैकडोर से अध्यक्ष की कुर्सी पर बैठाने की योजना। आगे जो भी हो, मगर अभी तो कांग्रेस अपनी इज्जत लुटाने को तैयार है। फिलहाल, राजस्थान में अगला सीएम कौन होगा उससे ज्यादा महत्वपूर्ण हो गया है कि अब कांग्रेस का अगला राष्ट्रीय अध्यक्ष कौन होगा। क्योंकि जयपुर में जो रविार को हाईवोल्टेज पॉलिटिकल ड्रामा हुआ उससे न सिर्फ आलाकमान नाराज है, बल्कि गहलोत के समर्थकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के मूड में भी दिख रहा है। इस घटनाक्रम को दो अलग-अलग नजरियों से देखा जा रहा है।

एक अशोक गहलोत ने रविवार की घटना से यह साबित कर दिया कि उनके अंदर नेतृत्व की क्षमता बहुत ज्यादा है और वह पूरे देश में बेहतर तरीके से राष्ट्रीय अध्यक्ष पद को बगैर रबर स्टैंप की तरह चला सकते हैं। दूसरा जयपुर में रविवार की शाम को जो हुआ वह पूरी तरीके से स्क्रिप्टेड पॉलिटिकल ड्रामा था। इस पूरे राजनीतिक घटनाक्रम के पीछे के हर किरदार को कांग्रेस पार्टी के लोग जान और समझ रहे हैं। चर्चा यह है कि ऐसे हालात में अगर परिस्थितियां बदलीं, तो राहुल गांधी खुद राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के लिए नामांकन करा सकते हैं। राजस्थान में रविवार शाम जो भी हुआ वह पूरा मामला पहले से ही स्क्रिप्टेड था। संभव है कि कांग्रेस आलाकमान को इस पूरे मामले की जानकारी नहीं रही होगी। शायद इसी वजह से उन्होंने विधायक दल की बैठक के लिए अपने दो पर्यवेक्षकों को जयपुर भी भेजा था। कांग्रेस आलाकमान ने अपनी साफ नियत के साथ राजस्थान में एक प्रक्रिया के माध्यम से नए नेतृत्व को सत्ता सौंपने की कोशिश की। लेकिन उस पर पानी फिर गया।

राजस्थान में जो हुआ या हो रहा है उसे कांग्रेस पार्टी में होने वाले बड़े प्रयोग के तौर पर फिलहाल एक बड़ा झटका माना जा रहा है। इस पूरे घटनाक्रम के सिरे के जवाबों को तलाशेंगे तो अहसास होगा कि गहलोत ने एक तरह से राजनीतिक क्षमता और नेतृत्व क्षमता का अहसास कराया है। इस पूरे घटनाक्रम से एक संदेश यह भी गया है कि अगर अशोक गहलोत के अंदर नेतृत्व की क्षमता न होती, तो एक साथ कितने विधायक उनके लिए खड़े नहीं होते। क्योंकि आने वाले दिनों में अशोक को राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के लिए नामांकन करना है, तो राजस्थान की यह घटना पूरे देश में कांग्रेस पार्टी में एक नजीर के तौर पर सामने रखी जा रही है। मगर इन सबमें गुटबाजी को जो छवि सामने आई है, उसने कांग्रेस को गांधी मुक्त करने की पूरी मेहनत पर पानी भी फेर दिया है।

# कुपोषण का गहराता खतरा



संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट में सुझाव दिया गया है कि कुपोषण और भुखमरी से जूझ रहे देशों की सरकारों को अपना खाद्य तंत्र ऐसा बनाना पड़ेगा जिससे पोषक तत्व युक्त फल-सब्जी और प्रोटीन से भरपूर खाद्य उत्पाद उगाने के लिए किसान प्रोत्साहित हों। इसके लिए सरकारों की तरफ से इन क्षेत्रों में निवेश बढ़ाने के सुझाव को जोर देकर कहा गया है। भोजन को सब तक पहुंचाने पर सबसे ज्यादा जोर दिया जाना चाहिए।

**दुनिया** के बहुत बड़े हिस्से में भूख या फिर कुपोषण की समस्या को नए सिरे से देखना पड़ रहा है। भले ही कोरोना महामारी इस समस्या को पैदा करने की जिम्मेदार न हो, लेकिन इसने दशकों से चले आ रहे इस संकट को और गंभीर कर दिया है। अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं का एक अनुमान है कि कोरोना संकट के एक साल में विश्व में यह संकट लगभग दुगना बड़ा हो गया है। इसलिए अब नया सोच-विचार यह है कि भूख और कुपोषण का यह भयावह संकट अस्थायी है या इसका असर लंबे वक्त तक रहने वाला है? दुनिया के तमाम हिस्सों में कुपोषण को लेकर चिंता तो कोरोना के पहले भी जताई जाती रही थी और इससे निपटने के लिए जो कोशिशें हो रही थीं, उन्हें नाकाफी माना जा रहा था। लेकिन महामारी ने जो आग में घी डाला, उसने साफ-साफ उजागर कर दिया कि विश्व के कुछ क्षेत्रों में आर्थिक प्रतिरोधी क्षमता (इकोनोमिक इम्युनिटी) इतनी भी नहीं थी कि वे देश महामारी को झेल पाते।

संयुक्त राष्ट्र की एक दो नहीं, बल्कि चार एंजसिंयों ने खासतौर पर एशिया प्रशांत क्षेत्र में भूख-कुपोषण की स्थिति का जो आकलन किया है, वह भयावह है। संयुक्त राष्ट्र ने बहुत पहले से अपने सदस्य देशों से अपील की हुई है कि 2030 तक अपने-अपने देशों में भुखमरी को खत्म करने का इंतजाम करें। इसके लिए संयुक्त राष्ट्र ने सभी देशों से साफ-साफ कह रखा था कि बच्चों के स्वास्थ्य की रक्षा के लिए पोषण पर पर्याप्त खर्च करें। इसी वैश्विक अभियान के लिए यह विश्व संस्था समय-समय पर सभी देशों को याद दिलाती रहती है और अपनी तरफ से भी कार्यक्रम चलाती है। लेकिन अब जब भुखमरी के खात्मे का लक्ष्य सिर्फ दस साल दूर रह गया है तो संयुक्त राष्ट्र की चिंता स्वाभाविक है।

एक तो पहले से ही कई देश तय लक्ष्य के मुताबिक काम नहीं कर पा रहे थे, ऊपर से महामारी ने इस लक्ष्य को इतना जबर्दस्त धक्का लगा दिया है कि संयुक्त राष्ट्र को नए सिरे से सोचना पड़ रहा है। एशिया प्रशांत क्षेत्र में 190 करोड़ व्यक्ति अपने लिए न्यूनतम पोषक भोजन खरीदने लायक भी पैसा नहीं कमा पा रहे हैं। इधर पिछले साल यानी वर्ष 2020 में कोरोना ने कमजोर अर्थव्यवस्थाओं वाले देशों को माली तौर पर और ज्यादा तहस-नहस कर दिया। ऐसे में आसानी से अंदाजा लगाया जा सकता है कि दुनिया के तमाम देशों में भूख और कुपोषण की मौजूदा हालत आज दिन तक कैसी बन चुकी होगी? भारत के लिए भुखमरी, कुपोषण जैसी समस्याओं का जिक्र पहले भी होता रहा है। वैश्विक भुखमरी सूचकांक में भारत पिछले साल तक 107 देशों में 94वें नंबर पर था। हालांकि ऐसे तुलनात्मक सूचकांक से वास्तविक स्थिति का जरा भी पता नहीं चलता, लेकिन एक अंदाजा जरूर लगता है कि पोषण के मामले में दुनिया में हमारी स्थिति कैसी है।

वैश्विक भुखमरी सूचकांक पर गौर करें तो हम दुनिया के 107 देशों के बीच सबसे बदहाल 15 देशों में शामिल हैं। दुनिया की पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था होने के नाते यह आंकड़ा दुखद ही कहा जाएगा। हालांकि इस तरफ ध्यान देने के लिए समय-समय पर देश में कार्यक्रम भी बनते रहे हैं, लेकिन इस वक्त संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट इस कारण से ज्यादा महत्वपूर्ण है क्योंकि देश का सालाना बजट पेश होने को है। ऐसे में उम्मीद की जानी चाहिए कि आगामी बजट में बच्चों एवं महिलाओं में कुपोषण पर गौर होता हुआ जरूर दिखेगा। वैसे दुनिया में कुपोषण की यह समस्या सीधे सीधे नागरिकों की कम आमदनी का ही नतीजा मानी जाती है। संयुक्त राष्ट्र की इसी रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि एक व्यक्ति को एक दिन का न्यूनतम पोषक भोजन लेने के लिए लगभग एक अमेरिकी डॉलर यानी 72 रुपए रोजाना चाहिए। यह न्यूनतम पोषक आहार सिर्फ पर्याप्त कैलोरी वाला भोजन है। अगर सभी प्रकार के आवश्यक पोषक तत्वों के लिहाज से देखा जाए तो उस भोजन का खर्चा सवा दो डालर यानी पौने दो सौ रुपए रोज बैठता है।

इस तरह बिल्कुल साफ है कि अगर अपने देश में भुखमरी व कुपोषण की समस्या को समाप्त करने के लिए कोई कदम उठाना हो या योजना बनानी हो तो हमें अपने निम्न आय वाली आबादी के बारे में गहराई से सोचना पड़ेगा। खासतौर पर कोरोनाकाल में जिस तरह से मजदूर और अर्धकुशल कामगारों के रोजगार खत्म हुए हैं, उसके बाद तो यह चुनौती बहुत ही बड़ी हो गई है। यह एक अलग बात है कि अगर गरीबों की आमदनी बढ़ाने का इंतजाम न हो पा रहा हो तो उन तक सीधे ही पोषक तत्वों से भरपूर भोजन पहुंचाने के दूसरे इंतजाम करने पड़ेंगे। बहरहाल, इस बात में कोई शक नहीं है कि दुनिया की तमाम सरकारें इस समय महामारी से तबाह अपनी तमाम व्यवस्थाओं को फिर से पटरी पर लाने की कोशिश में जुटी हैं। कई देश तो महामारी की चरम अवस्था के दौर में ही अपनी अर्थव्यवस्था को लेकर चिंतित हो उठे थे। हम भी उन देशों में शामिल माने जा सकते हैं। लेकिन सबसे ज्यादा गौर करने की बात यह है कि अर्थव्यवस्था को संभालने के उपक्रम में आपातकालीन जरूरतों पर कितना घ्यान दिया गया।


किसी देश में उद्योग-धंधों या दूसरी उत्पाद्र गतिविधियों पर ध्यान देने के साथ ही नागरिकों की न्यूनतम आवश्यकताओं पर ध्यान देना भी उतना ही जरूरी माना जाता है। इसीलिए एशिया प्रशांत में अगर सबसे बुनियादी जरूरतों में भी पहली आवश्यकता यानी भोजन के संकट पर संयुक्त राष्ट्र गौर करवा रहा है तो इसे गंभीरता से लिया ही जाना चाहिए। और अगर सिर्फ अपने देश की ही बात करें तो सरकार के दावों के आधार पर कहा जा सकता है कि अपनी अर्थव्यवस्था ज्यादा चिंतनीय स्थिति में नहीं है। यानी हमारे लिए अपने देश में भूख या कुपोषण के खात्मे के लिए अलग से कार्यक्रम चलाना कोई मुश्किल काम होना नहीं चाहिए। बस, ध्यान देने की कोई बात हो सकती है तो यही हो सकती है कि हम अपनी प्राथमिकताएं तय कर लें।

संयुक्त राष्ट्र की प्रमुख एजेंसी विश्व खाद्य कार्यक्रम ने अनुमान लगाया था कि साल 2025 में 83 देशों के लगभग 27 करोड़ अतिरिक्त व्यक्तियों तक खाद्य सहायता पहुंचाने की जरूरत पड़ेगी। लेकिन महामारी की स्थिति पूरे एक साल तक खिंच चुकी है। इतना ही नहीं, वैश्विक स्तर पर कोरोना संक्रमण की रफ्तार अभी बेकाबू है। यानी हालात को उस पूर्व अनुमान से भी ज्यादा गंभीर माना जाना चाहिए। स्थिति की गंभीरता बताने के लिए 2019 की यूनिसेफ की एक रिपोर्ट को भी याद किया जा सकता है, जिसमें बताया गया था कि भारत में हर साल आठ लाख 80 हजार बच्चों की मौत हो जाती है और इनमें 74 फीसद बच्चे सिर्फ कुपोषण के कारण ही मर जाते हैं।

संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट में सुझाव दिया गया है कि कुपोषण और भुखमरी से जूझ रहे देशों की सरकारों को अपना खाद्य तंत्र ऐसा बनाना पड़ेगा जिससे पोषक तत्व युक्त फल-सब्जी व प्रोटीन से भरपूर खाद्य उत्पाद उगाने के लिए किसान प्रोत्साहित हों। इसके लिए सरकारों की तरफ से इन क्षेत्रों में निवेश बढ़ाने के सुझाव को कहा गया है। इसीलिए उम्मीद की जानी चाहिए कि मूल आवश्यकताओं में सबसे पहली जरूरत यानी भोजन को सब तक पहुंचाने पर सबसे ज्यादा जोर दिया जाए।


**सुविज्ञा जैन**
(वरिष्ठ पत्रकार)

## ट्विटर



पार्टी के विधायक बगावत पर उतर आएं। यह राजस्थान कांग्रेस के कद्दावर नेताओं की शह के बगैर संभव हो ही नहीं सकता है। कांग्रेस अनुशासन को जिंदा करे।

**श्वेता, वरिष्ठ पत्रकार**




राजस्थान के विधायकों का विधायक दल की बैठक में न आना घोर अनुशासनहीनता है और इसके लिए कड़ी कार्रवाई भी हो सकती है। पार्टी नेतृत्व को रिपोर्ट दी जाएगी।

**अजय माकन, कांग्रेस नेता**



सत्यार्थ

# अहंकार का त्याग



**एक** बार संत ज्ञानेश्वर, नामदेव और मुक्ताबाई तीर्थाटन पर निकले। तीनों अपनी यात्रा के दौरान प्रसिद्ध संत गोरा के यहां पहुंचे। गोरा ने इन तीनों महान संतों को अपने निवास पर पाकर उनका आत्मीय स्वागत किया। जलपान के उपरांत चारों में धर्म और दर्शन के गूढ़ संदर्भों पर चर्चा चली। गोरा कुम्हार थे, इस लिए उनके घर में एक डंडा रखा था। मुक्ताबाई ने डंडे को देखा, तो उसके उपयोग के बारे में पूछा। गोरा ने उत्तर दिया- मैं जब घड़े बनाता हूं, तो इस डंडे की चोट से परीक्षण करता हूं कि घड़े पक्के हैं या कच्चे रह गए हैं। मुक्ताबाई ने मुस्कराते हुए पूछा- हम भी तो मिट्टी के घड़े ही हैं, क्या इस डंडे से हमारी परीक्षा हो सकती है? गोरा ने कहा- क्यों नहीं? तीनों संतों की सहमति से गोरा ने डंडे से उनका परीक्षण शुरू किया। पहले उन्होंने ज्ञानेश्वर के सिर पर हल्के से डंडा मारा, फिर मुक्ता बाई के सिर पर। दोनों मुस्करा दिए। फिर नामदेव की बारी आई। गोरा ने डंडे से जैसे ही उनके सिर पर स्पर्श किया, तो देखा कि नामदेव के चेहरे पर क्रोध की बारीक सी झलक है। गोरा तुरंत समझ गए कि नामदेव ज्ञान के उच्च धरातल पर अभी नहीं पहुंचे हैं। उन्होंने नामदेव की ओर इशारा कर कहा कि यह घड़ा अभी कच्चा है, एक पल के लिए सन्नाटा छा गया। तभी गोरा ने विनम्रता के साथ कहा- क्षमा करें, मगर जब आपके सिर पर डंडे का स्पर्श किया, तो चेहरे पर क्रोध की झलक दिखाई दी। इसका अर्थ है कि अभी कुछ बाकी है। यह अहंकार ही है, कुछ और नहीं। जब तक अहंकार समाप्त नहीं होगा, डंडे से मुस्कान पैदा नहीं होगी, क्रोध ही पैदा होगा। नामदेव को बोध हुआ और उन्होंने संत बिठोबा से दीक्षा लेकर अहंकार को सदा के लिए समाप्त कर दिया।

**राधा नाचीज**

## 8 दिवसीय एन. सी.सी शिविर 1अक्टूबर से आयोजित

मरुधर हिन्द/ रमाकान्त शर्मा

**बानसूर –** कस्बे के बानसूर महाविद्यालय परिसर में 1 अक्टूबर से 8 अक्टूबर तक भारत सरकार एन.सी.सी महानिदेशालय द्वारा कम्बाईड एनुवल ट्रेनिंग कैम्प का आयोजन किया जाएगा। कैम्प में 600 से अधिक एन.सी.सी कैडेट भाग लेगें। कैम्प के कमांडेन्ट कर्नल रामनिवास सिंह व कैम्प प्रभारी लेफ्टिनेंट सुनील यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि इस 8 दिवसीय आवासीय शिविर में एन.सी.सी से जुड़ी समस्त गतिविधियों एवं पाठ्यक्रम के अनुसार प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा। बानसूर क्षेत्र में इस तरह का यह दूसरा कैम्प आयोजित होगा। जिसके आयोजन की जिम्मेदारी बानसूर पी.जी. कॉलेज को दी गई है। कैम्प के दौरान कैडेट को नेतृत्व, समाज कल्याण, राष्ट्र निर्माण, सुरक्षा इत्यादि विषयों के बारे में जानकारी प्रदान की जायेगी। उन्होनें कहा कि कैम्प में कैडेट्स के मानसिक एवं सामाजिक विकास के साथ उनके व्यक्तित्व विकास पर भी बल दिया जायेगा। कार्यक्रम से पहले महाविद्यालय सचिव डॉ. अजय कुमार, प्राचार्य डॉ. राधेश्याम शर्मा व कैम्प अधिकारी लेफ्टिनेंट सुनील यादव ने कैम्प स्थल की सारी व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर यह सुनिश्चित किया कि कैम्प व्यवस्थाएं पूर्ण कर ली गई है।

## राजस्थान शिक्षक संघ कांग्रेस का जिला स्तरीय शैक्षिक सम्मेलन




मरुधर विशेष रुपेश शर्मा

**अलवर ।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग मंत्री श्री टीकाराम जूली ने कहा कि राज्य सरकार ने पुरानी पेंशन योजना बहाल तथा आरजीएचएस लागू कर पूरे देश में एक नजीर पेश की है। उन्होंने कहा कि राजस्थान प्रदेश की तर्ज पर पूरे देश में यह योजना लागू की जाएगी। मंत्री जूली मंगलवार को राजस्थान शिक्षक संघ प्रगतिशील, राजस्थान शिक्षक संघ कांग्रेस, राजस्थान शिक्षक संघ अम्बेडकर, राजस्थान अम्बेडकर शिक्षक संघ एवं राजस्थान शिक्षक संघ एवं पंचायतीराज महासंघ के दो दिवसीय जिला स्तरीय शैक्षिक सम्मलेन में उपस्थित शिक्षकों को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि निजी स्कूलों की प्रतिर्स्पधा के दौर में भी सरकारी विद्यालयों ने उत्कृष्ट परिणाम देकर यह साबित किया है कि सरकारी विद्यालय भी निजी विद्यालयों से कम नहीं है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के साथ स्वयंसेवी संस्थाओं ने कंधे से कंधा मिलाकर सरकारी स्कूलों की काया पलट कर दी है। उन्होंने कहा कि शिक्षक विकास की रीढ है तथा शिक्षा से ही समाज का विकास संभव है। शिक्षक विद्यार्थियों को अच्छी शिक्षा के साथ उचित संस्कार देकर समाज के नवनिर्माण में अहम भूमिका निभाते हैं। इस अवसर पर विधायक दीपचंद खैरिया, जिलाध्यक्ष योगेश मिश्रा, जिला प्रमुख बलबीर छिल्लर, सरस डेयरी चेयरमैन विश्राम गुर्जर, प्रधान वीरमती, दौलतराम जाटव, नसरू खान, बीपी सुमन, श्वेता सैनी, राजेन्द्र व्यास, शादी खान, लालाराम सैनी, शिक्षाविद मूलचंद गुर्जर, जिला शिक्षा अधिकारी नेकीराम, डाईट प्रिसीपल सुबेसिंह, प्रमोद गुप्ता, राजीव शर्मा, गिर्राज केला, अमरसिंह जाटव, ऋषि कुमार, मनीष चौधरी, सरपंच हरिकिशनमीना, हिम्मत चौधरी, पेमाराम, नरेन्द्र सावित्री मीना, शोभाराम, साजिद खान, बाबूलाल बैरवा, विजय, राधेश्याम, मांगेलाल, किशोरी, प्रीतम मेहन्दीरत्ता, राजीव विरमानी, सरिता राज सहित शिक्षक उपस्थित थे।

## अलवर दशहरा पर्व पर विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के बैनर तले हर वर्ष की भांति तृतीय विशाल 71 फुट रावण दहन उत्सव एवं शस्त्र पूजन कार्यक्रम दिनांक 5 अक्टूबर 2022 को किया जाएगा




मरुधर विशेष रुपेश शर्मा

जिलाध्यक्ष दिलीप मोदी ने बताया विशाल शोभायात्रा को विशिष्ट अतिथि सीए श्री किशन गुप्ता एवं विश्व परिषद जिलाध्यक्ष दिलीप मोदी भगवा झणडी दिखाकर एन ई बी शिव मंदिर से रवाना करेंगे दिलीप मोदी ने बताया की मथुरा के विशेष कारीगरों द्वारा शोभायात्रा का भव्य आयोजन किया गया है इस शोभायात्रा में ऊंट गाड़ी, घोड़ी ,ढोल नगाड़े, डीजे, ताशे , पट्टेबाजी सहित अनेक आकर्षण झांकियां यूपी के आतिश विशेष के द्वारा सुबह यात्रा के दौरान आतिशबाजी का नजारा आम आदमी के लिए मनमोहक का आकर्षण रहेगा शोभायात्रा भारद्वाज योग आश्रम एन ई बी के पीछे पर 71 फुट के रावण का दहन के कार्यक्रम का आयोजन होगा भव्य शोभायात्रा 5 अक्टूबर 2022 को दोपहर 3:00 बजे n.e.b. शिव मंदिर से प्रारंभ होकर n.e.b. भी क्षेत्र के विभिन्न मार्गो से होती हुई कार्यक्रम स्थल पर पहुंचेगी जय श्री राम।

## जोधपुर में विश्व पर्यटन दिवस पर आर टी डी सी की होटल घूमर द्वारा लोकल साइट सीन बस सुविधा शुरू हुई-

**जोधपुर।** पर्यटन विकास निगम के अध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह राठौड़ व राज्य मेला प्राधिकरण के उपाध्यक्ष रमेश बोराणा ने जोधपुर में आर टी डी सी की होटल घूमर द्वारा शुरू की गई लोकल साइटसीन बस सुविधा को विश्व पर्यटन दिवस के अवसर पर जयपुर से वर्चुअल कार्यक्रम द्वारा हरी झण्डी दिखाकर शुरूआत की। आर टी डी सी के चेयर मेन धर्मेन्द्र सिंह राठौड़ ने कहा कि पूरी दुनिया में राजस्थान का नाम पर्यटन मानचित्र पर विशेष रूप से अंकित है। यहां की स्थापत्य कला, संस्कृति, किले, हवेलियां यह सब हमारे लिए गौरव की बात है।

## बृज भूमि कल्याण परिषद के डॉक्टर पंकज गुप्ता ने जोर शोर से उठाया गौशाला अव्यवस्था एवं हिंदुओ को मारने की धमकी का मुद्दा

मरुधर विशेष रुपेश शर्मा




अलवर आज बृज भूमि कल्याण परिषद के तत्वाधान में परिषद के राष्टीय संयोजक डॉ पंकज गुप्ता के नेतृत्व में गौ रक्षा मार्च निकाल कर जिला कलैक्टर गेट पर प्रदर्शन कर राजकीय कांजी हाउस अलवर की व्यवस्था में गंभीर लापरवाही पर जनता और प्रशासन का ध्यान केंद्रित किया, उन्होंने बताया की प्रशासन और नगर परिषद द्वारा लापरवाही बरती जा रही है और गोवंश को कीचड़ और मलबे मैं रहने को मजबूर किया जा रहा हैं जिसके कारण से जो अच्छी भली गाय हैं वो भी बीमार हो सकती हैं और हो रही हैं। सरकार के द्वारा चिकित्सा की कोई भी कोई अच्छी व्यवस्था नहीं की गई है, अत सरकार गौशाला में गौ माता के रहने वाली जगह को पक्का करे, कीचड़ हटाए, मलबे का निस्तारण करें, साफ सफ़ाई की उचित व्यवस्था करें।

दूसरा मुद्दा बृज भूमि कल्याण परिषद ने उठाया वो है शहर और जिले की कानून व्यवस्था में सुधार का, पिछले दिनों भाजपा नेत्री चारुल अग्रवाल को धमकी दी गई थी लेकिन अभी पुलिस उस मामले को गंभीरता से नहीं ले रही है। गौ रक्षा मार्च में शामिल समाजसेवी जितेंद्र राठौड़ ने बताया कि आए दिन अलवर जिले में अपहरण लूटपाट धमकी भरे पत्र हत्या आम सी बात हो गई है जिला प्रशासन पूर्णता सुस्त है आमजन में भय व्याप्त है अभी हाल में ही बड़ौदामेव थाना के गांव अहमद बॉस में किशन लाल जाटव की बेरहमी से असामाजिक तत्वों के द्वारा हत्या कर दी गई वही समाजसेवी सौरभ अग्रवाल को धमकी भरा पत्र मिलना उस पर आज तक पुलिस मुजरिमों को पकड़ भी नहीं पाई आय देना पेपर में भ्रष्टाचार लूटपाट हत्या अपहरण की खबर सुनाई दे रही है पुलिस प्रशासन हाथ पर हाथ रख कर बैठा हुआ है आखिर जनता कब तक मरती रहेगी पुलिस प्रशासन की इस तरह की सुस्ती बर्दाश्त नहीं की जाएगी अगर जल्द ही पुलिस के द्वारा मुजरिमों की रफ्तार भी किया गया तो जनता को सड़क पर उतरने को मजबूर होना पड़ेगा । इस मौके पर अश्वनी जावली, प्रेम प्रकाश शर्मा, मनोज कुमार शर्मा, यशवंत कुमार गुप्ता, हरिराम शर्मा, संतराम अरोड़ा, यशोधन पाराशर, ललित शर्मा, आकाश मिश्रा, पंडित दीपक अवस्थी, एडवोकेट सूर्यकांत शर्मा, पंडित राजेंद्र आचार्य, शिवचरण शर्मा, डॉक्टर गोपाल शास्त्री, राम प्रताप सैनी, लाखन सिंह, श्याम बिहारी धानका, दीपक राजपूत, अवधेश माथुर, राहुल सिंह, आदि उपस्थित थे।

# ट्राईबल फेस्टिवल कोटड़ा का हुआ आगाज

मरुधर विशेष उदयपुर




कोटड़ा आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र कोटडा में मंगलवार को कोटडा वासियों के लिए खुशी का दिन लेकर आया जब दो दिवसीय ट्राइबल फेस्टिवल का फीता काट शुभारंभ संभागीय आयुक्त राजेन्द्र भट्ट उदयपुर ने किया इसके बाद स्टेज पर दीप प्रज्वलन किया इस शुभ अवसर पर जिला कलेक्टर ताराचंद मीणा विदेशी मेहमान, होटल संस्थान दक्षिण राजस्थान सुभाष सिंह राणावत,विधायक बाबूलाल खराड़ी, प्रधान सुगना देवी, उपखण्ड अधिकारी , विकास अधिकारी धनपत सिंह राव आदि अधिकारी व जनप्रतिनिधि दीप प्रज्वलन में मौजूद रहे ।

### विदेशी मेहमानों ने आदि महोत्सव का आनंद लिया

ट्राईबल फेस्टिवल देखने आए विदेशी मेहमानों को सर्वप्रथम तिलक निकाल माल्यार्पण किया गया। विदेशी मेहमान ने कोटड़ा का जनजाति स्थान में नृत्य देख खूब मजा लिया।

### रंगारंग आदिवासी सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने बांधा समां

सर्व प्रथम कोटडा क्षेत्र के आदिवासी देसी कलाकारों द्वारा प्रस्तुति देते हुए दीपावली के बाद में गाया जाने वाला देसी गीत फोजा में रयू रे गाकर लोगों को लुभान्वित किया इसके बाद होली मी का प्रकार से ढोल बजा कर नृत्य किया जाता है वह देशी कलाकारों द्वारा नृत्य करते हुए दिखाया गया एवं भारत के पश्चिम बंगाल, उड़ीसा, मध्यप्रदेश, गुजरात, लद्दाख, छत्तीसगढ़, महाराष्ट राज्यों से आए हुए जनजाति कलाकारों ने अपने अपने राज्य के नृत्य की प्रस्तुतियां दी गई जिसका विदेशी मेहमान एवं स्थानीय लोगों ने लुफ्त उठाया।

### कलेक्टर ताराचंद मीणा ने कहा बाहरी दुनिया से रूबरू हो

जिला कलेक्टर ने बताया कि कोटडा क्षेत्र की जनजाति के लोग बाहरी दुनिया से रूबरू हो सकें और यहां पर्यटक अधिक मात्रा में आए और यहां के लोगों को रोजगार मिले इसी उद्देश्य से ट्राइबल फेस्टिवल जो मिशन कोटडा की कार्य साला में शामिल था यह उपयुक्त अवसर और दिवस है जिस पर इस कार्यक्रम का आयोजित किया गया।

### राजीविका समूह को दिया एक करोड़ पच्चीस लाख पचास हजार

राजीविका समूह कोटड़ा को संभागीय आयुक्त राजेंद्र भट्ट द्वारा कोटडा क्षेत्र की महिलाओं के रोजगार को बढ़ावा देने के लिए एक करोड़ पच्चीस लाख पचास हजार का चेक दिया।

## राज्य मानव अधिकार आयोग के अध्यक्ष जस्टिस व्यास ने मेहरानगढ फोर्ट के चामुण्डा मंदिर में दर्शनों की व्यवस्था का जायजा लिया

जोधपुर।

राज्य मानव अधिकार आयोग के अध्यक्ष जस्टिस गोपालकृष्ण व्यास ने मंगलवार को मेहरानगढ़ दुर्ग जाकर नवरात्रा के दौरान चामुण्डा माता मंदिर में आने वाले दर्शनार्थियों के लिए जिला, पुलिस व मेहरानगढ़ म्युजियम ट्रस्ट द्वारा की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

### प्रशासनिक व्यवस्थाओं की ली जानकारी–

जस्टिस व्यास ने मेहरानगढ़ फोर्ट पहुंचने पर पुलिस उपायुक्त( पूर्व ) अमृता दुहन व सी ओ सेन्ट्रल लाबूराम चौधरी ने अगवानी की। मेहरानगढ़ म्युजियम ट्रस्ट के प्रबंधक( सुरक्षा ) लक्ष्मणसिंह शेखावत, डीएसओ सार्दुल सिंह व ए एस ओ प्रभूसिंह शेखावत, प्रबंधक संस्कृति धर्माशु बोहरा ने स्वागत किया। उन्होंने सभी की गई व्यवस्थाओं की जानकारी ली।

### दर्शनार्थियों के लिए व्यवस्थाओं को बहुत अच्छी बताया -

जस्टिस व्यास ने मेहरानगढ़ दुर्ग में नवरात्रा के दौरान चामुण्डा माता मंदिर दर्शनों के लिए की गई व्यवस्थाओं को बहुत अच्छी बताया। उन्होंने कहा कि जिला कलक्टर व पुलिस आयुक्त अच्छा कार्य कर रहे है। उन्हें व मेहरानगढ़ म्युजियम ट्रस्ट के मुख्य ट्रस्टी पूर्व नरेश गजसिंह एवं किले के प्रबंधन को इसके लिए बधाई। उन्होंने विश्वास जताया कि चामुण्डा माता जोधाणा पर आर्शीवाद बनाये रखेंगी। उन्होंने मेहरानगढ दुःखान्तिका में काल कल्वित हुए लोगों को भी इस अवसर पर स्मरण कर श्रद्धांजलि दी।

### चामुण्डा के किए दर्शन-

जस्टिस व्यास ने चामुण्डा माता के दर्शन किए व प्रदेश व मारवाड़ की खुशहाली की प्रार्थना की।

# साइकलिंग कर हेल्दी हार्ट का मैसेज देंगे जयपुराइट्स

### वर्ल्ड हार्ट डे के मौके पर होगी साइकिल रैली 'साइक्लोथॉन'

मरूधर विशेष







**जयपुर।** वर्ल्ड हार्ट डे के अवसर पर जयपुराइट्स साइकिल चलाकर हर किसी के लिए कार्डियोवैस्कुलर हेल्थ पर जागरूकता का संदेश देंगे। मौका होगा इटर्नल हॉस्पिटल और टाइगर राइडर ग्रुप की ओर से आगामी 29 सितंबर को आयोजित होने वाली साइकिल रैली 'साइक्लोथॉन' का। हेल्थ एंड फन से भरपूर इस इस एक्टिविटी में हर उम्र के लोग शामिल होंगे और साइकिल पर उत्साह के पैडल लगाकर स्वस्थ जीवन का संदेश देंगे।

राजस्थान पुलिस के डीजीपी एम एल लाठर और इटर्नल हॉस्पिटल की को-चेयरपर्सन मंजू शर्मा ने मंगलवार को साइक्लोथॉन के पोस्टर का विमोचन किया। इटर्नल हॉस्पिटल के सीईओ डॉ. प्राचीश प्रकाश ने बताया कि 29 सितंबर को वर्ल्ड हार्ट डे मनाया जाता है और दिल को स्वस्थ रखने के लिए साइकलिंग बहुत अच्छा माध्यम है। इसीलिए विन योर हार्ट, कनेक्ट योर हार्ट, राइड योर हार्ट की थीम लेते हुए यह साइकिल रैली आयोजित की जा रही है। इस दौरान कई हेल्थ एंड फन एक्टिविटी आयोजित की जाएंगी। साथ ही भाग लेने वाले प्रतिभागियों को गिफ्ट्स भी दिए जाएंगे। इसके अलावा एक हेल्थ सेशन भी आयोजित किया जाएगा जिसमें इटर्नल हॉस्पिटल के डायरेक्टर इंटरवेंशन कार्डियोलॉजी डॉ. संजीव शर्मा हार्ट डिजीज से जुड़ी जानकारियां देंगे।

इटर्नल हॉस्पिटल के सीओओ डॉ. विक्रम सिंह चौहान और जनरल मैनेजर नितेश तिवाड़ी ने जानकारी दी कि 'साइक्लोथॉन' का फ्लैग ऑफ जवाहर सर्किल स्थित पत्रिका गेट से किया जाएगा जहां से जेएलएन मार्ग ?होते हुए बजाज नगर, ? गांधी सर्कल और राजस्थान विश्वविद्यालय गेट से यू-टर्न लेकर वापस पत्रिका गेट पर यह रैली समाप्त होगी।

## देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के जन्मदिवस को भारतीय जनता पार्टी सेवा पखवाड़ा के रूप में मना रही है

मरुधर विशेष रुपेश शर्मा

इस तहत आज महिला मोर्चा ज़िला अध्यक्ष सुनीता सैनी एवं प्रवासी प्रकोष्ट के जिला संयोजक आनंद बेनीवाल के नेतृत्व में एक भारत श्रेष्ठ भारत का संदेश देने व वोकल फ़ॉर लोकल के तहत स्थानीय उत्पादों व व्यवसाय को बढ़ावा देने के लिए कार्यक्रम आयोजित किया गया कार्यक्रम में देश की संस्कृति व खान पान को अपनाकर विविधता में एकता का उत्सव मनाया गया कार्यक्रम में महिला मोर्चा की जिला मंत्री सोनाली शर्मा सोशल मीडिया प्रभारी शम्मी सेतिया रंजना सिंह सोनू खण्डेलवाल तिलक राज विजय महावर दया राम चंद्रकान्ता गुप्ता रजनी खंडेलवाल सुनैना यादव रही ये जानकारी विजय कुमार कोली ने दी

## विप्र महाकुंभ में सामूहिक यज्ञोपवीत एवं परिचय सम्मेलन 26 जनवरी बसंत पंचमी को




बांसवाड़ा ब्यूरो चीफ अरुण जोशी की रिपोर्ट

**बांसवाड़ा।** विप्र फाउंडेशन बांसवाड़ा इकाई की एक आवश्यक बैठक आज त्रंबकेश्वर महादेव मंदिर परिसर में संरक्षक मंडल अध्यक्ष जयप्रकाश पंड्या के मुख्य अतिथि एवं जिलाध्यक्ष योगेश जोशी की अध्यक्षता एवं संरक्षक मंडल सचिव ललित कुमार जोशी व नगर अध्यक्ष ईश्वरदास वैष्णव की विशिष्ट आतिथ्य में संपन्न हुई। इसमें आगामी समय में विप्र महाकुंभ की तैयारी जिसमें विशाल सामूहिक यज्ञोपवित एवं अखिल भारतीय सर्व ब्राह्मण समाज युवक युवती परिचय सम्मेलन करने का निर्णय लिया गया। यह आयोजन दिनांक 26 जनवरी 2023 बसंत पंचमी पर यह आयोजन किया जाएगा। बैठक में जिला महामंत्री नवनीत त्रिवेदी,नगर मंत्री कैलाश जोशी, विप्र पदाधिकारी शिवशंकर वैष्णव, नगर महामंत्री अशोक पुरोहित, कार्यालय सहयोगी ललित जोशी रातितलाई ने अपने अपने विचार व्यक्त किए संचालन जिला प्रवक्ता अमित शुक्ला ने किया एवं आभार नगर महामंत्री प्रदीप शर्मा ने व्यक्त किया।बैठक का समापन शांतिपाठ के द्वारा किया गया ।

## 3 घंटे अयोध्या में रहेंगे मुख्यमंत्री, और केंद्रीय पर्यटन मंत्री



मरुधर विशेष शिवकुमार मौर्य

3 घंटे अयोध्या में रहेंगे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और केंद्रीय पर्यटन मंत्री किशन रेड्डी। लता मंगेशकर चौक के उद्घाटन के मौके पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और केंद्रीय मंत्री अयोध्या पहुंचेंगे। लता मंगेशकर चौक के उद्घाटन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का मिनट 2 मिनट कार्यक्रम। सुबह 10:00 बजे लखनऊ आवास से हेलीकॉप्टर से अयोध्या के लिए रवाना होंगे, 10:30 बजे हेलीकाप्टर से राम कथा पार्क हेलीपैड पहुंचेंगे। 10:50 पर लता मंगेशकर चौक पर के उद्घाटन के मौके पर पहुंचेंगे, राम कथा पार्क में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम और लता मंगेशकर के जीवन पर आधारित एग्जीबिशन में शिरकत करेंगे 12:25 तक लता मंगेशकर चौक के उद्घाटन के कार्यक्रम में मुख्यमंत्री और पर्यटन मंत्री शिरकत करेंगे। राम कथा पार्क में संतो के साथ मुलाकात करेंगे। 12:50 से 1:25 का समय रिजर्व रहेगा। दीपोत्सव की तैयारियों को लेकर अधिकारियों के साथ वार्ता करेंगे। 1:30 मिनट पर राम कथा पार्क से लखनऊ के लिए सीएम योगी आदित्यनाथ और केंद्रीय पर्यटन मंत्री किशन रेड्डी रवाना होंगे।

## मोबिल ने बहु-प्रतीक्षित ऐक्शन थ्रिलर 'विक्रम वेधा' के साथ साझेदारी की

जोधपुर

- भारत में इंजन ऑयल के प्रमुख ब्रांड, मोबिल ने बहु-प्रतीक्षित ऐक्शन थ्रिलर 'विक्रम वेधा' के साथ साझेदारी की है। विक्रम वेधा 30 सितम्बर को दुनिया भर में 100 से अधिक देशों में रिलीज़ होने जा रही है। ऋतिक रौशन, सैफ अली खान और राधिका आप्टे के अभिनय से सजी इस बहु-प्रतीक्षित फिल्म के साथ जुड़कर, मोबिल इंसानों की प्रगति को बढ़ावा देने, उनमें आत्मविश्वास पैदा करने और ग्राहकों को उनकी असली क्षमता पहचानने की अपनी ब्रांड वैल्यू पर जोर देना चाहता है।

विक्रम वेधा एक ऐक्शन-थ्रिलर है जिसके लेखक और डायरेक्टर पुष्कर-गायत्री हैं। विक्रम वेधा की कहानी कई रोमांचक ट्विस्ट और टर्न्स से भरी है क्योंकि इसमें एक कड़क पुलिस ऑफिसर विक्रम (सैफ अली खान) एक खतरनाक गैंगस्टर वेधा (ऋतिक रौशन) का पता लगाने और उसका पीछा करने के लिए तैयार है। अंत में यह बिल्ली-और-चूहे की दौड़ साबित होती है, जिसमें कहानी गढ़ने में उस्ताद, वेधा एक के बाद एक कहानियों से विक्रम को उलझा कर रखता है और इसका अंजाम दिमाग को झकझोर देने वाली नैतिक दुविधाओं के रूप में सामने आता है।

इस सहयोग के विषय में एक्सॉनमोबिल लुब्रिकेंट्स प्राइवेट लिमिटेड के सीईओ, विपिन राणा ने कहा कि, "अपने ग्राहकों को आगे बढ़ने में सपोर्ट करने के लिए हमारी मजबूत प्रतिबद्धता ही वह बुनियादी मूल्य है जो हमारे बिजनेस को परिभाषित करता है। 'विक्रम वेधा' जैसी फिल्मों के साथ सहयोग करना ग्राहकों से जुड़ने और हमारी अलग-अलग ताकतों पर जोर देने की हमारी रणनीति का हिस्सा है। 'विक्रम वेधा' की कहानी बेहद आकर्षक है जोकि अलग-अलग भाषा बोलने एवं अलग-अलग जगह पर रहने वाले लोगों से बखूबी मेल खाती है। यह फिल्म एक प्रमुख संदेश देती है कि हमारे सामने कितनी ही चुनौतियां क्यों ना आएं, हमें जिंदगी में हमेशा सही विकल्प अपनाने चाहिए। गाड़ी चलाने वालों के पास अनेक विकल्प होते हैं, लेकिन उनके लिए यह जानना सबसे अच्छा है कि अपने वाहनों की सुरक्षा करना और खुद की सुरक्षा करना सबसे प्रमुख है। इस फिल्म के साथ अपने सहयोग के माध्यम से, हम यह दोहराना चाहते हैं कि सही विकल्प चुन कर अपनी तंदुरुस्ती की रक्षा करना महत्वपूर्ण है।

## घटस्थापना के साथ शुरू हुआ गरबा आयोजन, 9 दिनों तक माँ की आराधना के साथ होगा भव्य डांडिया महोत्सव

**बांसवाड़ा ब्यूरो चीफ अरुण जोशी की रिपोर्ट**

**कुशलगढ।** शक्ति की उपासना का पर्व शारदीय नवरात्र 26 सितंबर सोमवार से शुरू हो गया। घर-घर और मंदिरों में घट स्थापना के साथ ही नौ दिवसीय व्रत, पूजन और अनुष्ठान शुरू हुए। कुशलगढ के मगरी माता में महेंद्र प्रताप सिंह झाला ने देवी की प्रतिमाओं का अभिषेक, श्रृंगार, पूजन कर विशेष आरती की गई। कोरोना काल में लागू सभी पाबंदियां हटने से इस वर्ष दो साल बाद नवरात्रि पर भक्तों में उत्साह दिख रहा है।



नवरात्रि के पावन पर्व पर मगरी माता पर बड़े ही धूमधाम से घट स्थापना की गई।मां के भक्तों की भीड उमड पडी। सुबह से ही मंदिर में लोगों की भीड देखी गई। जिसमें सरस्वती मंच के द्वारा यह कार्यक्रम शांतिपूर्ण संपन्न होता है। वही नवरात्रि के 9 दिन तक महिलाएं, बच्चे, नवयुवकों के द्वारा गरबा खेला जाता है। शहर में दुर्गा पूजा पर्व धूमधाम और हर्षोल्लास से मनाया जा रहा है। मंदिरों में मां दुर्गा के दर्शन के लिए बड़ी संख्या में भक्त आ रहे हैं और माता से अपनी इच्छाओं को प्रकट कर रहे हैं। नवरात्र पर्व में मां दुर्गा के नौ सिद्ध स्वरूप शैलपुत्री, ब्रह्मचारिणी, चंद्रघंटा, कूष्मांडा, स्कंदमाता, कात्यायनी, कालरात्रि, महागौरी और सिद्धिदात्री माता की विधि-विधान से पूजा की जाती है। कल नवरात्रि के प्रथम दिन घटस्थापना कर गरबे का आयोजन प्रारम्भ हुआ।मगरी माता पर सरस्वती मंच के सानिध्य में नवरात्रि महोत्सव मनाया जाता है। मंच के केदारनाथ पंड्या,दिनेश शर्मा,निर्मल पंड्या,प्रवीण पंड्या,अजय जोशी,अजय निगम,निलेश महेता,देवशंकर पंड्या,सुधीर स्वर्णकार , ललित कुमार प्रजापत,कैलाश लक्षकार, अमृत प्रजापत,तिलोत्तमा पंड्या,शोभा पंड्या, पुष्पा पंड्या,पुजारी पंडित जयेश पंड्या सहित कई माताजी के भक्त तन मन धन से सहयोग कर रहे है।

## गारू गाँव में विप्र फाउंडेशन द्वारा गौ माता के प्राणों की रक्षा के लिए दवाई की वितरित

**मरूधर विशेष/ दिनेश लेखी**

**कठूमर।** उपखण्ड क्षेत्र के ग्राम गारू में विप्र फाउंडेशन द्वारा मंगलवार को गौवंश में चल रही लम्पी बीमारी को देखते हुए दवाई का वितरण किया। विप्र फाउंडेशन के जिला सचिव आलोक कटारा ने बताया कि गौ माता की रक्षा करने के लिए ग्राम गारू में दवा वितरण कर रहे हैं। जिनकी आजीविका का साधन ही गौ धन है। गौवश बीमार से असंख्य लोगों के घरों में चूल्हे जलने का संकट उत्पन्न हो गया है। विप्र फाउंडेशन द्वारा वितरित की जा रही 15 लाख डोज सिर्फ गौ माता के प्राणों की रक्षा ही नहीं अपितु उसका पालन पोषण करने वाले अति साधारण परिवारों के लोगों की भी रक्षा कर रही है। विप्र फाउंडेशन परिवार ने कोरोना के बाद पुनः सिद्ध कर दिया की संकट के समय अग्रणी भूमिका निभाकर राहत पहुंचाने में हम किंचित देर नहीं होने देते। और आलोक कटारा ने विप्र फाउंडेशन के जिला अध्यक्ष पीयूष जाडला का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर आलोक कटारा, अवधेश तिवारी,गुंजेश सिंह, ज्ञान सिंह, तनुज, अभिषेक शर्मा, अर्जुन,आदि लोग मौजूद रहे।



## भाजपा महिला मोर्चा की बैठक बागीदोरा में संपन्न हुई





**बांसवाड़ा ब्यूरो चीफ अरुण जोशी की रिपोर्ट**

**बांसवाड़ा।** भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा बागीदौरा एवम बड़ोदिया की संयुक्त बैठक गायत्री मंदिर परिसर में आयोजित हुई।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष शीतल जी भंडारी,अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष वीणा जी जोशी,विशिष्ट अतिथि यशोदा जी डामोर जिला उपा अध्यक्ष,सहकार भारती जिला प्रमुख कुसुम जी जोशी,नगर मंत्री भारती जी शर्मा के सानिध्य में सेवा सप्ताह पखवाड़ा के उपलक्ष्य मे हुई। कार्यक्रम में सर्वप्रथम अथितियो को का माल्यार्पण पहना कर स्वागत भाषण उत् बोधन से किया गया ।कार्यक्रम में शीतल जी बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि मेरा बूथ सबसे मजबूत आने वाले समय में बागीदौरा विधानसभा को एकजुट होकर कमल खिलाने का संकल्प लिया और बूथ मजबूत तो हम मजबूत होने का आह्वान किया और जिला उपा अध्यक्ष यशोदा जी ने कहा कि केंद्र सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं को घर घर तक पहुंचा कर लाभ दिलवाने का संकल्प लिया।इस अवसर पर मंदिर परिसर में पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर जिला मंत्री कमलेश जी तंबोलिया, मंडल अध्यक्ष ताजेंग जी पाटीदार, एस टी मोर्चा जिला उपा अध्यक्ष भूरालाल जी डामोर,मंडल महामंत्री विठली डोडियार, मोहन जी पंड्या,अर्जुन जी चौहान,रावजी डोडियार, पंचायत समिति सदस्य मुन्नी राजेंद्र जी पाटीदार,शोभना अनिल जी भट्ट,रमेश डामोर,पारी डामोर एवम समस्त कार्यकर्ता उपस्थित रहे।कार्यक्रम का संचालन महामंत्री विठली डोडियार ने किया एवम आभार जिला उपा अध्यक्ष यशोदा डामोर ने व्यक्त किया। ये जानकारी महिला मोर्चा की जिला अध्यक्षा श्रीमती शीतल भंडारी ने दी।

# सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री जूली ने किया जागरूकता रथ को हरी झण्डी दिखाकर रवाना

**मरुधर विशेष रुपेश शर्मा**



**अलवर ।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग मंत्री श्री टीकाराम जूली ने आज इब्तिदा संस्था द्वारा सरकारी योजनाओं की जागरूकता एवं ग्राम पंचायत विकास योजना में महिलाओं व ग्रामवासियों की भागीदारी को लेकर जागरूकता रथ का शुभारम्भ मोती डूंगरी स्थित कार्यालय से हरी झण्डी दिखाकर किया।

मंत्री श्री जूली ने कहा कि इस जागरूकता कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य है कि आमजन को सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं से रूबरू कराना है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा आमजन के हित में विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का संचालन किया जा रहा है जिसका जागरूक रहकर लाभ उठा सके। साथ ही ग्रम पंचायत विकास योजना निर्माण में जनसामान्य व महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित हों इसलिए यह जागरूकता कार्यक्रम को इब्तिदा संस्था, पंचायती राज जनप्रतिनिधि व ग्रामीणों के सहयोग से संचालित किया जा रहा है। जागरूकता अभियान के द्वारा ग्राम सभाओं के आयोजन से पूर्व वार्ड सभाओं के आयोजन हेतु भी प्रयास किया जा रहा है जिससे की प्रत्येक वार्ड के विकास के एजेण्डा ग्राम पंचायत विकास योजना में जुड़ पायें। उन्होंने बताया कि जागरूकता रथ द्वारा जिले की रामगढ, गोविन्दगढ, किशनगढबास, उमरैण, मालाखेडा, लक्ष्मणगढ व थानागाजी ब्लाक में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जावेगा।

इस दौरान प्रधान श्रीमति वीरमती, श्री दौलत राम, इब्तिदा संस्था से दामोदर मिश्रा, पाणिनि भट्ट, श्री राजेश अग्रवाल, श्री अमरदीप सैनी, श्री सुरेन्द्र कुमार, श्री प्रिती सैन व ग्रामीण महिलाओं एवं सवेरा महिला मंच उमरैण के कार्मिक उपस्थित रहे।

# सड़क एक बारिश भी नहीं झेल पाई- पूर्व मंत्री डॉ. रोहिताश शर्मा

**मरुधर हिन्द/ रमाकान्त शर्मा**



**बानसूर** - पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ.रोहिताश शर्मा ने मंगलवार को बानसूर विधानसभा के उपखंड नारायणपुर के एक दिवसीय दौरे पर रहे। इस अवसर पर पूर्व मंत्री ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि आज कांग्रेस के राज में चारों तरफ भ्रष्टाचार का बोलबाला है। उन्होंने कहा कि 3 महीने पहले मुण्डावरा से कुशालगढ़ तक बनी सड़क एक बारिश भी नहीं झेल पाई और पूर्ण रूप से उखड़ गई। जिससे राहगीरों को भारी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। सड़क पर एक-एक हाथ के गड्ढे हो गये है। जिससे आये दिन दुर्घटना होती रहती है।इस मौके पर उन्होनें कहा की उधोग मंत्री रावत द्वारा चतरपुरा, निमूचाणा में उधोग खोलने के नाम से झूठे बोर्ड लगाकर जनता को गुमराह किया जा रहा है। इस दौरान उन्होंने कस्बे में दो अलग-अलग स्थानों पर फीता काटकर उद्घाटन किया। नारायणपुर-जयपुर सड़क मार्ग पर स्थित ब्राह्मण समाज की कुल देवी दोघडिया माता के गढ़ी मामोड़ निवासी भामाशाह दीनदयाल प्रजापत (मुन्नी टेलर), डॉ.सुरेश प्रजापत द्वारा उनके पिता स्व.श्याम लाल प्रजापत की स्मृति में बनाएं गये कमरे का पूर्व मंत्री डॉ.रोहिताश शर्मा, महामंडलेश्वर जनार्दन दास व महंत मोहन दास महाराज के द्वारा फीता काटकर उद्घाटन किया गया। साथ ही पूर्व मंत्री ने कस्बे के पुरुषोत्तम प्लाजा में स्थित एसके टेलिकॉम का भी फीता काटकर उद्घाटन किया। इस मौके पर आयोजनकर्ता द्वारा मौजूद अतिथियों का माला, साफा और शाल ओढ़ाकर भव्य स्वागत किया गया। इस मौके पर बामनवास कांकड़ सरपंच गणेश जाट, जीएसएस अध्यक्ष अर्जुन लाल, बिरदी चन्द, उमाकांत यादव, मोहन मंगलम, केसी यादव, राजेश गर्ग, गोविन्द अग्रवाल, मुकेश सैनी, राजू सैनी सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## फेसबुक के माध्यम से नवजात शिशु को ब्लड की आवश्यकता के लिए सतीश पाराशर ने किया रक्तदान



**मरूधर विशेष /दिनेश लेखी**

**कठूमर।** कस्बा निवासी सतीश पाराशर ने एक नवजात शिशु को एबी नेगेटिव ब्लड की आवश्यकता होने की सूचना फेसबुक माध्यम से मिली जो कि अलवर में भर्ती था की सहायता के लिए अलवर पहुंचकर रक्तदान किया। बिन्ना मसारी ने बताया कि सोशल मीडिया से फेसबुक पर भाई रवि शर्मा का मैसेज आया कि किसी नवजात बच्चे को एबी नेगटिव ब्लड की जरूरत है। ये रेयर ग्रुप है। मुझे जानकारी थी कि भाई सतीश पाराशर कठूमर का ब्लड ग्रुप एबी नेगटिव है। मैंने सतीश पाराशर को फोन किया और एक घंटे में कठूमर से चलकर अलवर पहुँच रक्तदान किया। जिससे नवजात बच्चे की जान बची।

# श्री अग्रसेन जयंती महोत्सव पर किया प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित

**मरूधर विशेष/ दिनेश लेखी**

**खेरली।** कस्बे के कठूमर रोड स्थित अग्रवाल भवन में श्री अग्रसेन जयंती महोत्सव के समापन पर अग्रवाल समाज की कार्यकारिणी द्वारा मंगलवार को प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समाज के अध्यक्ष गोपालराम बंसल ने बताया कि सात दिवसीय श्री अग्रसेन जयंती महोत्सव के समापन पर समाज की प्रतिभाओं का सम्मान किया गया जिसमे मुख्य अतिथि नगरपालिका अध्यक्ष संजय गीजगढ़िया रहे। जिसमे कक्षा दसवीं एवं बारहवीं में 85 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले प्रतिभाशाली बच्चों को प्रतीक चिन्ह एवं पुरुस्कार देकर सम्मानित किया गया। वही नवयुवक मंडल सदस्यों को भी प्रतीक चिन्ह देकर सम्मनित किया गया। मंच संचालन समाज के उपमंत्री नरेंद्र गुप्ता द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अंत में लक्ष्मीकांत मित्तल द्वारा समाज के लोगो को धन्यवाद ज्ञापित किया गया। इस दौरान मंत्री विष्णु कंसल,उपाध्यक्ष रामावतार गुड वाले, अंकेक्षक लक्ष्मीकांत मित्तल, श्री अग्रसेन




शिक्षण संस्थान के अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद मित्तल, मंत्री गोपेश गोयल, अंकित अग्रवाल, नवीन मित्तल, राकेश अग्रवाल, नरेश गुप्ता, युवा मंडल के अध्यक्ष पियूष अग्रवाल, मंत्री अंकित गुप्ता सहित समाज के अनेक प्रबुद्ध लोग उपस्थित रहे।

## खेरली 132 केवी जीएसएस से निकलने वाले सभी 33 केवी फीडरो की सप्लाई रहेगी बंद

**मरूधर विशेष / दिनेश लेखी**

**कठूमर** । उपखंड क्षेत्र के 132 केवी जीएसएस राजस्थान राज्य विद्युत प्रसारण निगम खेरली से निकलने वाले सभी 33 केवी फीडरो की सप्लाई बुधवार को 3 घंटे बंद रहेगी। सहायक अभियंता प्रकाश चंद मीना ने बताया कि 132 केवी जीएसएस खेरली से निकलने वाले सभी 33 केवी फीडर की 28 सितंबर बुधवार को प्रातः 9:00 से 12:00 तक मरम्मत एवं रखरखाव कार्य हेतु विद्युत सप्लाई बंद रहेगी।

# गौकसी के मामले में फरार आरोपी गिरफ्तार

**मरुधर विशेष आमिर खान कामां**



कामां.कामां पुलिस ने मंगलवार को एक जने को गौकसी करने के मामले में गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि26 जून 2021को गांव अकाता के निकट गौकसी हुई थी। जिसमें थाने के गांव अकाता निवासी मिसल खां पुत्र दीनू मेव,ईसव पुत्र तोता उर्फ तोती,उमर पुत्रलल्लू,तय्यब पुत्र ईशाक,अज्जी पुत्र उमरू फरार चल रहे थे। जिसमें मंगलवार को मिसल खां पुत्र दीनू मेव को गांव अकाता से गिरफ्तार किया है। जबकि तारिफ पुत्र दीनू मेव को पूर्व में ही गिरफ्तारकिया जा चुका है।

## नीतीश जैन ने मानवता का निभाया धर्म,रक्तदान कर पेशेंट की बचाई जान

**मरूधर विशेष/ दिनेश लेखी**

**कठूमर।** रक्तवीर नीतीश जैन ने पेशेंट कुँवर नंदू मीणा की नवरात्रि के प्रथम दिन जान बचा कर मानवता का धर्म निभाया है। जानकारी के अनुसार रक्तदान जीवनदान फाउंडेशन जयपुर द्वारा रक्तवीर नीतीश जैन को जयपुर के सवाई मानसिंह अस्पताल में भर्ती पेशेंट नंदू की प्लेटलेट्स कम होने से जान जाने का खतरा बढ़ने की और प्लेटलेट्स के रूप में रक्तदान करने की सूचना दी। जिस पर रक्तवीर नीतीश ने तुरंत अस्पताल पहुंचकर पीड़ित पेशेंट को प्लेटलेट्स के रूप में रक्तदान करके मानवता का धर्म निभाया है। वही रक्तवीर नीतीश जैन ने कहां कि मेरा जीवन मानवता? की सेवा के लिए सदैव समर्पित रहेगा। यह संस्कार मेरे परिवार से मुझे मिले हैं। अब तक तीसरी बार प्लेटलेट्स के रूप में रक्तदान कर चुका हूं। उल्लेखनीय है कि नीतीश जैन कठूमर निवासी अशोक जैन पत्रकार के छोटे पुत्र हैं। नीतीश अपने बड़े भाई प्रसून जैन के साथ जयपुर में रहकर अध्ययन कर रहे हैं। उनकी मां सविता जैन गृहणी महिला के साथ-साथ स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत हैं। इधर,परिवार के लोगों ने नीतीश की सराहना की है।



## ओबीसी अधिकार मंच ने मुख्यमंत्री महोदय राजस्थान सरकार के नाम एक ज्ञापन रेशम मालवीया जिला प्रमुख बांसवाड़ा को सौंपा।



**बांसवाडा ब्यूरो चीफ अरुण जोशी की रिपोर्ट**

**बांसवाड़ा।** आज दिनांक 27/9/2022 को बांसवाड़ा सीडीईओ पालाराम मेवता के नेतृत्व में सुभाष खराड़ी प्रधान बागीदौरा, वालजी अड़ जिलाध्यक्ष शिक्षक संघ अंबेडकर, डॉ नरेश पटेल संयोजक ओबीसी अधिकार मंच ने मुख्यमंत्री महोदय राजस्थान सरकार के नाम एक ज्ञापन रेशम मालवीया जिला प्रमुख बांसवाड़ा को सौंपा। ज्ञापन में बताया गया कि भारत की प्रथम महिला शिक्षिका सावित्रीबाई फुले की जयंती 3 जनवरी को आती है। सावित्रीबाई फुले ने शिक्षा के क्षेत्र में विशेष रूप से महिला शिक्षा के उत्थान में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। लेकिन राजस्थान के विद्यालयों में 3 जनवरी को शीतकालीन अवकाश होता है। जिस वजह से समस्त विद्यार्थी सावित्रीबाई फुले के द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में किए गए योगदान की जानकारी और प्रेरणा से वंचित रह जाते है। मुख्यमंत्री महोदय से ज्ञापन के माध्यम से निवेदन किया गया कि शीतकालीन अवकाश के उपरांत विद्यालय 3 जनवरी से खोले जाएं अथवा विद्यालय प्रारंभ होने (जनवरी माह के प्रथम कार्य दिवस) पर सावित्रीबाई फुले जयंती कार्यक्रम प्रत्येक विद्यालय में उत्सव के रूप में मनाया जाए।ज्ञापन देने में मणिलाल यादव, सुरेंद्र निनामा, चंपालाल बरगोट, बंसीलाल डिंडोर तथा अन्य साथियों ने सहयोग दिया ।

## आंगनवाड़ी केंद्रों पर नामांकित कन्याओं को लंच बॉक्स, हेयर पिंस, रुमाल,बिस्किट वितरित किए

**मरुधर विशेष/ हवासिंह चौधरी**

**बहरोड़।** इनरव्हील क्लब बहरोड की ओर से आंगनवाड़ी केंद्र 18 पर नवरात्रा स्थापना के शुभ अवसर पर आंगनवाड़ी केंद्र 15 , 18, एवं 19 में नामांकित कन्याओं को लंच बॉक्स, हेयर पिंस, रुमाल,बिस्किट वितरित किए गए। नवरात्र के इस इस पावन अवसर पर हम सब कन्या पूजन करके कुछ भेंट देते हैं, कन्याओं को देवी का ही स्वरूप माना जाता है। कन्या पूजन का विशेष महत्व होता है। इनरव्हील क्लब बहरोड की ओर से पुनीत कार्य संपन्न किया गया। इनर क्लब बहरोड़ अध्यक्ष संगीता शर्मा ने बताया कि इस तरह के कार्यक्रम के द्वारा हम समाज को यह संदेशदेना चाहते हैं कि समाज में लड़का लड़की समान है । केवल नवरात्र के अवसर पर ही नहीं अपितु हर दिन कन्याओं को उतना ही सम्मान मिलना चाहिए। इनरव्हील क्लब सदस्य डॉ सपना ने बताया कि समाज में काफी हद तक परिवर्तन आ रहे हैं जहां लड़कियां भी लड़कों के समान है भागीदारी निभा रहीं हैं। समाज के लिए लड़कियों को उचित अवसर प्रदान करने की आवश्यकता है। इस अवसर पर क्लब संरक्षक अनुपमा शर्मा क्लब क्लब सचिव ललिता यादव, कोषाध्यक्ष गुड्डी अग्रवाल, चंचल देवी, हंसा प्रजापत, सुमन शर्मा, आशा शर्मा रेखा शर्मा, चंपा देवी, कला देवीआदि उपस्थित रही।



## दिव्यांग बच्चों के लिए ऑर्थोसिस कैंप का हुआ आयोजन

### दिव्यांग बच्चों के साथ मनाया जन्मदिन

**मरुधर विशेष/ हवासिंह चौधरी**

**बहरोड़।** मंथन स्पेशल स्कूल एवं मंथन दिव्यांग रिहैबिलिटेशन सेंटर में मंगलवार को दिव्यांग बच्चों के लिए निशुल्क ऑर्थोसिस जांच एवं परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। संस्था सचिव डॉ0 सविता गोस्वामी ने जानकारी देते हुए बताया कि जयपुर के आरोग्य रिहैब सेंटर के प्रसिद्ध ऑर्थोटिक्स विशेषज्ञ डॉ0 शशांक शर्मा द्वारा 15 दिव्यांग बच्चों का निशुल्क परीक्षण किया गया , जिसमें 9 बच्चों के फुट ऑर्थोसिस के लिए नाप लिया गया। वहीं मंथन संस्थापक डॉ0 पीयूष गोस्वामी ने बताया कि सही ऑर्थोसिस की मदद से दिव्यांग बच्चों में आई विकृतियों जैसे हाथ पैरों में खिंचाव, टेढापन, कड़ापन, कमजोरी आदि में सुधार होता है जिससे बच्चों की गतिशीलता में सुधार होता है। वहीं नीमराना निवासी सीए नेहा शर्मा एवं सीए मनोज शर्मा ने अपनी बेटी मायरा का जन्मदिन दिव्यांग बच्चों के साथ मनाया। इस अवसर पर मायरा के दादाजी नरेश शर्मा द्वारा बच्चों को नाश्ता कराया गया। शर्मा दंपत्ति ने मंथन द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना करते हुए सभी को दिव्यांग बच्चों को आत्मनिर्भर बनाने के इस प्रयास में अपना सहयोग देने की बात कही। मंथन उपाध्यक्ष कर्मवीर यादव द्वारा अतिथियों का अंगवस्त्र द्वारा स्वागत किया गया। इस अवसर पर विशेष शिक्षक कर्मवीर यादव, आकाश कुमार, शालिनी शर्मा, अंकित सैन एवं दिव्यांग बच्चे और अभिभावक उपस्थित रहे।



## तिजारा सार्वजनिक अभिनय समाज द्वारा मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम की बारात निकाली गई

**मरुधर विशेष राकेश सैनी।** तिजारा सार्वजनिक अभिनय समाज सेवा समिति द्वारा राम लीला में निकाली गई भगवान श्री राम की शोभायात्रा बैंड बाजों के साथ निकाली गई अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा ने बताया राम बरात की हरि झंडी तिजारा पालिका चेयरमैन झब्बू राम सैनी राजेश कसाना अजय यादव द्वारा हरी झंडी दिखाई गई दिखाई प्रभु राम की बारात सारे बाजार होती हुई वापस दूधाधारी की बगीची पहुंची। रात्रि को बगीची के विशाल रंगमंच पर राम विवाह संस्कार किया गया जिसमें बग्गी बैंड घोड़ा ऊंट शोभायात्रा में शामिल थे।राम लक्ष्मण भरत शत्रुघ्न, सुधांशु गौतम ,गोविंद गुप्ता गुरुजी ओमप्रकाश गुप्ता, शिवचरण सैनी ,राजेश कौशिक, कपिल गुप्ता ,महावीर शर्मा ,गोलू जैन ,महंत जस्सू महाराज, राजेश शर्मा ,उमंग जैन, निर्मल जैन, चूचू लखेरा, गोपाल राधे ,शेर सिंह तांत्रिक, गोविंद शर्मा, दीपेश लखेरा, सतीश जांगिड़ बृजेश शर्मा, आधी लोग राम बरात में सम्मिलित हुए

